the hound', or better still, is it not a classic case of चोर बने कोतवाल? Sir, the world coalition thinks, let us make the thief in charge of the police station, and the problem will be solved. When this was proposed, the other day, the hon. Minister of External Affairs told us that we have told our friends, "Good luck for you because we know the fate of your decision, for those, whom you are relying upon, are the breeding grounds of terrorism." This enterprise is a part of a wider corporation of holy war and events have, time and again proved, that Pakistan is both the birthplace as well as the breeding ground for this anti-civilisational terror. Sir, as Pranabda pointed out, we have stringent legislative measures for tackling this menace within the country in the form of POTA. But I find that to be a little irrelevant because we are dealing here with the enemy directly. It is true, and I must express my thanks to Pranabda, when he said that most of the political parties are ready to support the Government on any action that the Government would take. However, we must realise that whatever we do, we will have to fight on our own. The edict आत्मैव ह्यात्मनो बन्धु: आत्मैव रिपुरात्मन: is more true than anywhere else. But, Sir, recent history has shown that whenever the security and integrity of this country was under challenge, the people all over the country have risen as one man; this was seen in 1962, 1965, 1971 and, recently, in 1998-99, and we have full confidence that the people will stand as one man. People are ready for any sacrifices if the challenge is met once and for all. I find that there should be three elements in our response which we should ponder over, ponder over early and act. The first element is that, diplomatically now, with all the evidence that we have, let us isolate Pakistan -- the process of which started two years ago -- in the international world at all international fora - India being a part of the wider civilisational challenge to the narrow, sectarian, terrorist attitude which is represented by Pakistan. And let us talk to Pakistan in the language it understands, in words as well as in deeds. Soon, we will have to tell the World Coalition against Terrorism that the terrorism which we are experiencing, the terrorism which is manifesting itself in several countries, including Pakistan itself, has to be met squarely, and there, the World Coalition cannot be ambiguous but will have to be on the side of the right. Sir, there, probably, the time has come for us to tell them in the words of Veer Savarkar that we are going to fight this menace of terrorism, to end it once and for all. We should say, "If you come, along with you; if you do not, without you; but if you oppose, in spite of you, we are going to continue our action with vigour, with determination, and with finality, so that this country will be free from this menace of terrorism once

and for all. We will eradicate it from our soil." Sir, this resolve, represented by the discussion in both the Houses, will strengthen the hands of the Government and, I believe, this country will respond properly to this menace which is there not only in this country, but in the entire human civilisation.

श्री गुलाम नबी आज़ाद (जम्मू और काश्मीर): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, कालूचक जम्मू में जो घटना हुई, उस घटना की जितनी भी निंदा की जाए, कम है । वहां जिस तरह से बस में, शिविर में और बाद में फौजी भाइयों के परिवार के लोगों को, उन की औरतों और बच्चों को मारा गया, उस की जितनी निंदा की जाए, कम है । महोदय, मुझे कांग्रेस की प्रेसीडेंट और लोक सभा में विपक्ष की नेता श्रीमती सोनिया गांधी के साथ वहां जाने का मौका मिला और वह सब देखने का मौका मिला तो लगा कि यह कोई इंसान नहीं कर सकता है बल्कि मैं तो कहूंगा कि कोई जंगली जानवर भी नहीं कर सकता है । महोदय, आजकल हम जियोग्राफिकल चैनल देखते हैं कि हैवान भी छोटे बच्चों पर अटैक नहीं करते हैं, वे भी उन को छोड़ देते हैं, लेकिन कालूचक में घर के अंदर घुसकर, कमरों में और कमरों से जब बच्चे बाथरूम और किचिन में भागे तो उन को बाथरूम और किचिन में भी मार दिया गया । अगर कोई गोला फेंकता है और उस में जो मर गए, वह मर गए, लेकिन दरवाजा तोड़कर, पीछा कर के खिड़कियां तोड़कर औरतों व बच्चों को मारना तो जंगली जानवरों का ही काम हो सकता है, इंसान का काम नहीं हो सकता है । लेकिन वहां सूबेदार अतरसिंह वर्दी में खड़े थे जिन के दोनों बच्चे जो इस हमले में 24 घंटे पहले मारे गए थे । वह अपनी ड्यूटी पर, अपने देश की रक्षा के लिए वर्दी में खड़े थे और रक्षा कर रहे थे । महोदय, हमें गौरव है अपने फौजी भाइयों पर और रहेगा । जब भी हमारे देश की सीमाओं को दुश्मनों की तरफ से खतरा महसूस हुआ है, हमारे फौजियों ने जान की परवाह न करते हुए, अपने बच्चों और अपने परिवार की परवाह न करते हुए देश की सीमाओं को बचाया है । माननीय वाइस चैयरमेन साहब पिछले तीन-चार वर्षों में जो घटनाएं हुई हैं, चाहे वह जम्मू सूबे में हुई हों या काश्मीर सूबे में हुई हों, यों तो होम मिनिस्टर साहब ने जॉइंट सेशन में बताया था कि 61 हजार के करीब लोग मारे गए हैं, लेकिन जो बड़ी-बड़ी घटनाएं हुई हैं चाहे थितीसिंहपुरा की हो, पहलगाम में अमरनाथ यात्रा के समय की घटना हो, चाहे शेषनाग की घटना हो, पिछले साल खनाबल में सी0आर0पी0एफ0 केंप पर हुआ सुसाइड अटैक हो, कैंटोनमेंट एरिया, श्रीनगर का सुसाइड अटैक हो, बी0एस0एफ0 केंप, पिपराल, फुलवामा की घटना हो, मागाम में हुई घटना हो या श्रीनगर शहर में एस0टी0एफ0 हैडक्वार्टर पर हुए अटैक की घटना हो या उस के बाद श्रीनगर असेंबली पर हुए अटैक की घटना हो, ... । इसी तरह से जम्मू सूबे में भी चाहे जम्मू शहर में बस स्टैंड पर हो या बारिसाला, डिस्ट्रिक्ट डोडा में हो, सुरंगपुर, पुंछ में हो, रामबन में हो, चैनेनी में हो और जब प्रधान मंत्री जी लाहौर गए थे उस वक्त रियासी में हो, राजौरी में हो और उसके बाद कनक मंडी, जम्मू शहर में हो, रेलवे स्टेशन पर हो, रघुनाथ मंदिर, जम्मू में हो और चाहे अब कालूचक,जम्मू में हो, इस तरह की हजारों घटनाओं में 15 से 40 लोग एक जगह मारे गए हैं । यह बड़ी दर्दनाक बात भी है और सोचने वाली बात भी है कि इस तरह से शहर में आकर ऐसी घटना कर जाएं । एक जमाना था कि हमारे साथी कश्मीर जाने में डरते थे, फिर डोडा, राजौरी और पुंछ जाने में और फिर ऊधमपुर, कठुआ जाने में डरते थे, लेकिन अब जब जम्मू शहर में यह घटनाएं हुई हैं तो लोग उधर जाने में भी सोचते हैं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि हिन्दुस्तान में अगर कोई स्टेट कैपिटल पिछले दस-बारह वर्षों में बढ़ी है तो वह जम्मू की स्टेट विंटर कैपिटल बढ़ी है, जिसकी आबादी में 50 प्रतिशत नहीं तो 26 प्रतिशत आबादी बढ़ी है । उसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि सब लोग, चाहे वह कश्मीर घाटी के लोग थे या जम्मू सूबे के, डोडा के लोग हों या राजौरी, पुंछ जिले के लोग हों, कठुआ और ऊधमपुर जिले के लोग हों, वह जम्मू को एक सेफ जगह मानकर वहां पहुंच जाते थे, लेकिन पिछले एक दो साल से जो घटनाएं हुईं, जिनकी मैंने यहां चर्चा की है, उससे अब वह जगह भी महफूज नहीं रही । मैं यह नहीं कहता कि यह इस सरकार के आने के बाद हुआ या कौन सी सरकार के समय से हुआ, मैं किसी को दोष नहीं लगाता, लेकिन यह वास्तविकता है, यह हकीकत है और इस हकीकत से निपटने के लिए हम सब एक हैं, चाहे हमारे राजनैतिक तौर पर मतभेद हों, चाहे हमारी थिंकिंग में, सोच में विचार में कुछ मतभेद हों, लेकिन राष्ट्र के लिए, जम्मू कश्मीर में सद्भाव पैदा करने के लिए, जम्मू-कश्मीर में एक अच्छा वातावरण बनाने के लिए, जैसा प्रणब मुखर्जी साहब ने कहा, हम हर वक्त सरकार की मदद को तैयार हैं ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह कौन नहीं जानता कि इन सब घटनाओं के पीछे पाकिस्तान है। पाकिस्तान ने सबसे पहले वर्ष 1988-89 में जो हमारे कश्मीर से नौजवान बच्चे थे, अनएम्पलायड बच्चे थे, खासतौर से उनके मजहबी जज़बात को उभार कर, उनके जज़बात से खेलकर, उनको पाकिस्तान में लिया । उन्हें पैसा दिया, ट्रेनिंग दी और ट्रेंड करके कश्मीर में भेजकर उनसे आतंकवादी गतिविधियां करवाई, अटैक करवाए ताकि वे हिटलिस्ट में आएं और उनके पास कोई चारा न रहे कि सिर्फ मारना है या मरना है । इस तरह की पॉलिसी पाकिस्तान ने शुरू की । उसके बाद जब उन बच्चों से काम नहीं चल पाया क्योंकि वे इतने ट्रेंड नहीं थे तो फिर पाकिस्तानी रिटायर्ड मिलिटरि आफीसरों और फौजियों का उन्होंने इस्तेमाल किया, उनको भेजना शुरू किया । जब उनसे भी काम नहीं हुआ तो फिर उसके बाद उन्होंने अफगानिस्तान के तालिबानों का सहारा लिया । बहुत सालों तक तालिबानों का उन्होंने सहारा लिया, गृहमंत्री जी यहां मौजूद हैं, लेकिन मेरी जो जानकारी है उसके अनुसार अभी जो मिलिटेंट हैं, उसमें 20 परसेंट से भी कम जम्मू-कश्मीर से संबंध रखने वाले हैं और बाकी 80 परसेंट से ज्यादा फॉर्नर्स हैं । जब अफगान से, मुजाहिदीन जिनको वह कहते हैं, उनसे भी काम नहीं बना तब यह फिदाइन वाला सिलसिला पाकिस्तान ने अब शुरू किया है । यह फिदाइन का जो सिलसिला शुरू हुआ है, यह हमारी जम्हूरियत के लिए, हमारे लोकतंत्र के लिए घातक है । अपने लोकतंत्र, अपनी जम्हूरियत को बचाने के लिए, मेरे ख्याल में, हम सबको इकट्ठा, एक होना होगा ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे अफसोस है कि जम्मू-कश्मीर में एक नौजवानों की जनरेशन खत्म हो गई । मुझे याद है वर्ष 1996 में, हालांकि 1996 के बाद और हजारों नौजवान मारे गए, मैं कोकरना, अनंतनाग डिस्ट्रिक्ट, कश्मीर में एक पब्लिक मीटिंग में गया था, छोटी पब्लिक मीटिंग थी, बड़ी पब्लिक मीटिंग तो कर नहीं सकते, एक डेढ़ हजार की मीटिंग थी, मेरे ख्याल में उसमें 95 प्रतिशत औरतें, बच्चे और लड़कियां थीं । मैंने उनसे पूछा - लड़के कहां हैं ? तो कहा - लड़के सब साफ । इस तरह से एक जनरेशन खत्म हो चुकी । इसलिए मैं नहीं समझता कि यह जम्मू-कश्मीर का ही मसला है बल्कि पूरे देश के लोगों को और सभी राजनीतिक पार्टियों को अपना दिल और दिमाग इस मसले को हल करने के लिए लगाना होगा ।

माननीय उपसभाध्यक्ष जी, हम पाकिस्तान की निन्दा करते हैं, उनकी गतिविधियों की निन्दा करते हैं, लेकिन उसका यह मतलब नहीं है कि हमारी राज्य सरकार हो या केन्द्र सरकार

हो, वह बिल्कुल सो जाए, वह शांति से बैठ जाए । यह दूसरी बात है, इत्तेफाक की बात है और रूलिंग पार्टी की किस्मत की बात है कि पिछले साल यहां इसी हाऊस में और हाऊस के बाहर जब करगिल कॉफेन के सिलसिले में देश में एक माहौल बना था, उस वक्त यहां पार्लियामेंट में अटैक हुआ, लोगों का ध्यान उस तरफ से हट गया और सरकार बीच में से बचकर निकल गई । आज जब पिछले तीन महीने से गुजरात का मसला चल रहा है और सरकार डॉक में खड़ी थी तो यह जम्मू का हादसा हो गया और सरकार फिर से बचकर निकल गई । मैं समझता हूं कि सरकार पर बहुत भारी जिम्मेदारी है और उस जिम्मेदारी को हम खाली फौज तक ही महदूद नहीं रख सकते । हम अपने फौजियों पर सब छोड़ देते हैं, वहां जो हमारे फौजी भाई हैं, वे सर्दी में किस तरह से काम निबटाते हैं, यह देखा जाना चाहिए । सच तो यह है कि इस सरकार के पास जम्मू-कश्मीर के लिए कोई पालिसी ही नहीं है । जब यह सरकार जम्मू-कश्मीर का ज्योग्राफिया ही नहीं जानती, पोलिटिकल स्ट्रक्चर ही नहीं जानती, संस्कृति नहीं जानती, कल्चर नहीं जानती, पहाड़ कहां हैं, मैदान कहां हैं, 0 डिग्री से माइनस 40 डिग्री टेम्परेचर कहां होता है, माइनस 50 डिग्री टेम्परेचर कहां होता है, कौन सा इलाका मैदानी है, कौन सा पहाड़ी है, इसे जब कुछ पता ही नहीं तो पालिसी कहां से आएगी ? पहले जम्मू-कश्मीर के बारे में कहा गया कि जब तक क्रॉस बार्डर टेरेरिज्म खत्म नहीं होता, हम पाकिस्तान से बात नहीं करेंगे, लेकिन एक सुबह उसी क्रॉस बार्डर टेरेरिज्म के चलते हमारे प्रधान मंत्री जी लाहौर पहुंच गए, जिसके बदले में हमें दहेज में करगिल वार मिला । उसके बाद कहा गया कि हमारी सरकार की कूट नीति ऐसी अच्छी रही कि दुनिया ने हमको करगिल में समर्थन दिया और उसकी तारीफ की । उसी कूट नीति की चर्चा के चलते यहां अमरीका के राष्ट्रपति आए और इसी पार्लियामेंट में, इसी देश में, हमारे मुल्क में, हमारे प्राइम मिनिस्टर के सामने ही, हमारे मिनिस्टरों के सामने उन्होंने बताया कि यह सब कुछ अमरीका की वजह से हुआ है, हमने उनको वहां से जाने को कहा था । इसी तरह से उसके बाद कहा गया कि पाकिस्तान में हम फौजी हुक्मरान के साथ बात नहीं करेंगे । लेकिन एक सुबह वह फौजी हुक्मरान वहां से आगरा पहुंच गया, वहां सारी दुनिया के सामने प्रैस कांफ्रेंस करके यहां से निकल गया और हम उसकी प्रैस कांफ्रेंस का जवाब भी नहीं दे पाए ।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब आप कृपया समाप्त करें ।

श्री गुलाम नबी आज़ाद : अभी कहां, अभी तो शुरू ही किया है । कश्मीर पर हम नहीं बोलेंगे तो क्या वे बोलेंगे जिनको वहां के पहाड़ और वहां का ज्योग्राफिया भी मालूम नहीं है ?

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक): आपके दल के 16 मिनट बचे हैं और अभी दो और वक्ता बोलने वाले हैं ।

श्री गुलाम नबी आज़ाद : एक घंटा था और ये 25 मिनट बोले हैं ।

उपसभाध्यक्ष(श्री रमा शंकर कौशिक) : 58 मिनट थे और ये 32 मिनट बोले हैं ।

श्री सुरेश पचौरी : उपसभाध्यक्ष जी, ये जम्मू-कश्मीर से ही आते हैं, इनको बोलने दिया जाए।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक): अभी और भी सम्मानित सदस्य बोलने वाले हैं ।

श्री गुलाम नबी आज़ाद : टाइम बढ़ा लीजिए, हम टाइम हमेशा बढ़ाते आए हैं । हम भी कई साल हाऊस चलाते आए हैं ।

सर, ये बैरूनी ताकतों के साथ मुकाबला करने की बात करते हैं । जहां तक जम्मू-कश्मीर के अंदरूनी मामलों की बात है, जम्मू-कश्मीर के कुछ अंदरूनी मामले भी हैं जिनकी वजह से जम्मू-कश्मीर में विवाद है और उन अंदरूनी मामलों को सुलझाने में भी यह सरकार असफल रही है, बुरी तरह से असफल रही है । महोदय, सबसे पहले तो उन्होंने वहां की नेशनल कान्फ्रेंस, जिसके साथ कई वर्षों तक बी.जे.पी. लड़ा करती थी, उनको अपनी लपेट में लिया और उनके साथ सुलह की । कुछ ही दिनों बाद उन्होंने नेशनल कान्फ्रेंस को अलग करके हिजबुल मुजाहिदीन के साथ सुलह कर ली और उनके लीडरों से बात करने के लिए यहां से एक बहुत बड़ा दल वहां पहुंच गया ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने बुर्कापोश औरतें देखी हैं, बुर्कापोश मर्द मैंने पहली दफा उस मीटिंग में देखे जहां होम मिनिस्टर के ऑफिसर्स और गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के कैबिनेट सेक्रेटरी और दूसरे सेक्रेटरी नकाबपोश आदमियों से बात कर रहे थे । उसके बाद यूनीलेटरल सीज़फॉयर वन, उसके बाद यूनीलेटरल सीज़फॉयर टू, उसके बाद यूनीलेटरल सीज़फॉयर थ्री हुआ और उसके बाद श्री के.सी.पंत को इंटरलॉक्युटर नियुक्त किया गया । वे कश्मीर गए, वहां बैठे, वहां बातें कीं, खाना खाया, वापस आए । पर्शियन में इसको कहते हैं - नशिस्तंद, गुफ्तंद बरखास्तंद । वह बात भी खत्म हुई ।

महोदय, उसके बाद हुर्रियत की तरफ इस सरकार ने रुख किया कि कलेक्टिवली सब हुर्रियत से बात करेंगे । कोई पकड़ में नहीं आया तो इन्होंने कहा कि अच्छा, सब एक साथ पकड़ में नहीं आते तो सबसे अलग-अलग बात करेंगे । फिर लोन की तरफ रुख किया, फिर उमर फारुख की तरफ रुख किया, फिर शब्बीर शाह की तरफ रुख किया और फिर सबसे मज़े की बात यह है कि हाशिम कुरैशी की तरफ रुख किया, जिसने 1971 में हिंदुस्तान का जहाज हाइजैक किया था । वह 30 साल बाद हिंदुस्तान आया और उसकी तरफ इन्होंने रुख किया । महोदय, लगता है कि ये अंधेरे में गोली चला रहे हैं, अगर लग गई तो बहुत अच्छा। इस तरह इनकी कोई पालिसी ही नहीं है । औरों की बात तो छोड़िए, वहां जम्मू-कश्मीर में अपोज़ीशन पार्टीज़ भी हैं, उनसे इन्होंने कभी बात नहीं की । मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि क्या इन 6 बरसों में आपने अपनी भारतीय जनता पार्टी के एम.एल.एज़ से बात की है ? नहीं की । क्या आपने कांग्रेस के एम.एल.एज़ से बात की है ? नहीं की । क्या आपने जम्मू-कश्मीर के एम.पीज़, चाहे ये कांग्रेस के हों, चाहे नेशनल कान्फ्रेंस के हों, चाहे बी.जे.पी. के हों, क्या आपने इन 4 बरसों में एक दफा भी उनसे बात की ? आपने एक दफा भी उनसे बात नहीं की । इस तरह का माहौल आपने वहां पैदा किया है । लाखों कश्मीरी पंडित जो वहां से भागे, जो आज जम्मू में हैं, दिल्ली में हैं, हिंदुस्तान के दूसरे इलाकों में हैं, क्या आपने उनके वापस जाने के बारे में सोचा? क्या आपने उनके प्रतिनिधियों से बात की ? क्या आपने उनके दुःख और दर्द को समझने की कोशिश की ?

महोदय, जम्मू-कश्मीर में इस वक्त हजारों नौजवान लड़के यतीम हैं और हजारों बहनें बेवा हैं । क्या उनके उत्थान के लिए, उनको बसाने के लिए, उनके आंसू पोंछने के लिए, उनके रोजगार का इंतजाम करने के लिए आपने कुछ व्यवस्था की ? आपने इस बारे में वहां एक मीटिंग

तक नहीं की । दुर्भाग्य से क्या होता है कि जब भी वहां कोई घटना हो जाती है, तो हम मांग करते हैं कि उस पर चर्चा हो । उस पर चर्चा हो जाती है । यहां से गृह मंत्री वहां जाते हैं, गृह राज्य मंत्री जाते हैं, डिफेंस मिनिस्टर जाते हैं और यहां आकर स्टेटमेंट देते हैं और बाद में भूल जाते हैं । उसके बाद कोई फौलो-अप नहीं होता है । यही वजह है कि वहां हमेशा अनिश्चितता बनी रहती है ।

महोदय, प्रधानमंत्री जी से हम कई दिनों से जम्मू-कश्मीर में बेकारी को दूर करने के लिए एक पैकेज देने की बात सुन रहे हैं । वह कहां का पैकेज है, वह पैकेज कहां के लिए है, वह कैसा पैकेज है, वह कब मिलेगा, इसके बारे में कोई चर्चा नहीं होती । प्रधानमंत्री जी ने पिछले सैशन में कहा कि मैं इस सैशन के बाद कश्मीर जाऊंगा । वह सैशन खत्म हो गया, उसके बाद इंटर-सैशन का एक महीना खत्म हो गया और अब यह सैशन भी खत्म होने जा रहा है, लेकिन वे कश्मीर नहीं गए ।

महोदय, एनाउंसमेंट तो बहुत होते हैं लेकिन उनका फौलो-अप नहीं होता है । दुर्भाग्य से मिलिटेंट्स फौलो-अप करते हैं, यह सोचने की बात है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) : अब आप समाप्त कीजिए ।

श्री गुलाम नबी आज़ाद: जी, मैं 2 मिनट में समाप्त कर रहा हूं । Some body has to raise these local problems also. हमारे जम्मू बॉर्डर पर अखनूर में पिछले 3-4 सालों से फॉयरिंग चल रही है । डा. कर्ण सिंह जी को मालूम है कि छम्ब इलाके के 80,000 लोग बेघर हुए हैं । छम्ब का आधा इलाका पाकिस्तान ने हमसे 1965 में ले लिया और आधा हमारे पास है । उनके लिए आज तक न स्टेट गवर्नमेंट ने कुछ किया है और न ही सेंट्रल गवर्नमेंट ने कुछ किया है । अभी एक साल से आर.एस.पुरा, साम्बा, डोडा, पुंछ और राजौरी इलाकों से हजारों लोग अपने घरों को छोड़कर डिस्ट्रिक्ट हैडक्वार्टर आए हैं । मैं हाल ही में इन इलाकों का दौरा करके आया हूं । वहां उनके पास पानी नहीं है, उनके पास अनाज नहीं है, उनके पास कपड़ा नहीं है । क्या उनको देखने के लिए यहां से कोई गया है ? क्या उनको कोई जानकारी है, कुछ जानकारी नहीं है और न उनके समाधान के लिए कुछ किया जा रहा है। जम्मू डिस्ट्रिक्ट को डिस्टर्ब्ड एरिया करार दिया गया, इससे आतंकवाद तो खत्म नहीं हुआ, बंद नहीं हुआ, बल्कि एक चीज बंद हो गई । हमारे जम्मू-काश्मीर में दो किस्म के टूरिज्म हैं। एक तो जम्मू में रिलीजस टूरिज्म, जहां माता वैष्णों देवी के लिए लाखों टूरिज्म तकरीबन 40 से 50 लाख लोग हर साल आते थे और काश्मीर में हमारा एडवेंचर टूरिज्म । वह तो पिछले तेरह साल में खत्म हो गया और उससे काश्मीर वाले खत्म हो गये, लेकिन अब कम से कम एक इलाका, एक प्रावीजन जम्मू बचा हुआ था, माता वैष्णों देवी की वजह से जहां पर 30, 40 लाख यात्री हर साल आते थे और जम्मू की इकानामी से काश्मीर की इकानामी भी सस्टेन करती थी, जब से डिस्टर्ब एरिया उसको करार दिया तब से आतंकवाद बढ़ गया और जो हमारे पर्यटक थे या रिलीजस टूरिस्ट थे, दोनों बंद हो गये। क्या इसके बारे में दुबारा सोचेंगे कि आतंकवाद बंद नहीं हो रहा है तो कम से कम डिस्टर्ब एरिया उठा लें, कम से कम इकानामी तो फ्लोरिश होगी। उसके लिए कोई चर्चा नहीं हुई है। काश्मीर में अगर टूरिज्म बंद है तो अल्टरनेटिव इंडस्ट्री की कभी सरकार ने बात की, किसी से चर्चा की । काश्मीर में फ्रूट इंडस्ट्री बची थी, वह भी ग्लोबलाइजेशन और लिबरलाइजेशन के चक्कर में खत्म हो गई । आज हम यहां अमेरिका का सेब खाते हैं, हम

जापान का सेब खाते हैं, हम आस्ट्रेलिया का सेब खाते हैं और जो काश्मीर वाले सेब हैं, उन्हें हम वहीं पर फैंक देते हैं। क्या हमने सोचा कि जम्मू-काश्मीर तो पहले ही खत्म हो गया है, यह एक क्रॉप बची है , इसको भी खत्म कर दें। इससे क्या इम्पेक्ट होगा ? ये तमाम चीजें इंटर रिलेटिड हैं। काश्मीर में खाली मिलीटेंसी है, वह एक्रोस दि बार्डर तो है ही, लेकिन उसमें एड यह हो जाती है, अगर इकानामी कंडीशन खराब हो। पावर्टी हो, गरीबी हो, अनइम्पलायमेंट हो, तो ये चीजें नुकसानदेह होती हैं, मिलीटेंसी इन्फेस्टेड एरियाज के लिए और फिर बेकार लोग उस तरफ चले जाते हैं। मैं आखिर में दो-तीन सवाल माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं।

First, is it not true that there is an over-dependence on the US? Why can't the Government tell Parliament what transpires between the Government of India and the United States?

Second, I would like to ask the hon. Minister, who actually is looking after the Kashmir affairs? Is it the PMO or the Defence Ministry or the Home Ministry? As a matter of fact, nobody is looking after Jammu & Kashmir.

Third, does any coordination exist between the Prime Minister's office, the Defence Minister's office and the Home Minister's office regarding Kashmir? Is there not an immediate need to set up a coordination committee so that the Government can speak in one voice -- as my esteemed colleague, Shri Pranab Mukherjee, has said?

Fourth, does any coordination exist, at all, between the Centre and the State Government of Jammu & Kashmir?

Fifth, General Musharraf, in his speech of 12th January, had said that he would take serious action against terrorist organisations operating in Kashmir from Pakistan. Did our Prime Minister talk to General Musharraf after that? If not, would the hon. Prime Minister talk to him, at least, now, after the Jammu incident, to remind him of his speech of 12th January?

Sixth, what happened to the list of 20 militants that the Government of India had submitted to the Government of Pakistan? If you will not negotiate with Pakistan to get them back, and if Pakistan will not hand over them without negotiations, how are you going to get them back?

Seventh, the Union Ministers have been going to Jammu & Kashmir from time to time. Of course, unfortunately, mostly whenever there had been major incidents like which took place day before yesterday, there had been a lot of announcements and commitments to the State Government

and to the people of Jammu & Kashmir, and conveniently forgetting these after getting back to Delhi. Don't you think that there is an immediate need to set up an implementation committee to take follow up action on decisions taken and announcements made by the Government of India?

Eighth, what steps are the Government of India and the State Government taking so that such incidents do not occur again and again?

Ninth, and last, what steps the Government of India are taking to rush extra forces to prevent occurrence of such incidents in future? Thank you very much.

DR. V. MAITREYAN (Tamil Nadu): Mr. Vice Chairman, Sir, the horrendous and barbaric attack on an army camp, and on tourists, near Jammu on 14th May, 2002, has to be condemned by one and all, in the strongest way possible. On behalf of my Party, and on behalf of the people of Tamil Nadu, I offer my heartfelt condolences to the members of the bereaved families. The identification of the three terrorists, who were killed, as Pakistani nationals, only confirms the role of Pakistan. Pakistan has been brazenly waging a proxy-war on India by promoting cross-border terrorism.

After the September 11, 2001, attack on the World Trade Centre in USA, there was a global initiative to fight terrorism. But Pakistan has been violating this initiative, with impunity. There was an attack on the State Assembly of Srinagar on October 1, 2001, in which 38 persons were killed, and 60 others injured. Then, there was the attack within the premises of Parliament House, New Delhi, on December 13, 2001. Then, there was the attack on the American Centre in Kolkatta on January 22, 2002. This was followed by the terrorists' attack on the Raghunath Temple in Jammu in April, 2002, and, now, there is this major onslaught at Kaluchak.

During these eight months, India had taken several diplomatic initiatives. It had mobilised international opinion against Pak-sponsored cross-border terrorism. But Pakistan has been continuing its proxy-war against India, undeterred. There has been a continuation of such attacks since September 11, up till May 14, 2002.

The USA has been suggesting a dialogue between India and Pakistan to defuse the tension. But the USA has conveniently ignored the fact that a dialogue cannot be conducted at gunpoint, dialogue can be

5.00 P.M.

based only on the implementation of a time-bound action programme by Pakistan against terrorism. The US Assistant Secretary of State for South Asia, Ms. Christina Rocca, had come to India to emphasise the need for a dialogue. By attacking our military camp right at the time when she was in India, Pakistan has clearly demonstrated its hand in fostering terrorism. Pakistan has proved it meaningless to continue to maintain diplomatic relations between the two countries, and has, in fact, made a mockery of the term 'Diplomatic Relations'. It is time for India to sever its diplomatic ties with Pakistan. And the Government of India should tell the U.S loudly and clearly, not to advise only India.

During the past months, the Central Government's statements were bold, but, unfortunately, they are not matched with action. The Government of India cannot fight terror by just making fiery and sabre-rattling statements. Words should be matched with deeds. Now is the time for firm and deterrent action. A decision to retaliate and teach Pakistan a lesson of its lifetime, should be taken by the Centre.

How long are we to allow violence to go on in Jammu and Kashmir? There is no point in going on sacrificing our brave soldiers by stationing them as sitting ducks in Kashmir.

There is no need for us to convince others that the decades-long violence in Kashmir is being aided by Pakistan. It is high time the Central Government realises the truth that we can never have any cordial relationship with Pakistan. The Government should take the bold step of severing diplomatic ties with Pakistan, and launch a full-scale war against Pakistan. If the Government of India takes such a bold and timely decision, I am sure, the entire nation will be solidly behind it.

As far as the fight against terrorism is concerned, my Party, and my leader, the Chief Minister of Tamil Nadu, Dr. Jayalalithaaji, will give our whole-hearted support to the Government. I am confident that not only my party, but the entire House, will back the Government on this. On the issue of curbing terrorism, the entire nation is one.

SHRI C.P. THIRUNAVUKKARASU (Pondicherry): Mr. Vice-Chairman, Sir, Pakistani militants entered India and caused the death of 31 people, including 23 Army people, just like a typhoon entering a beautiful garden, damaging all the beautiful flowers, destroying the plants and uprooting the

trees. Yes; the young, old, children, and elderly people have died in the massacre. Shri I.D. Swamy, the hon. Minister of State for Home, visited the place; Shri George Fernandes, the Minister of Defence, also visited the place; and, AICC President, Shrimati Sonia Gandhi, made a visit to that region and declared that her Party would extend all support to the NDA Government in eliminating the terrorist groups. Last year, our Parliament was attacked. We discussed the matter for a long time. Subsequently, we became silent. America just expressed its condolence. Today also, we have been discussing this matter for four hours now -- America has also condemned this-- but, ultimately, I don't know what decision the Government is going to take. Further, with great respect, I would submit that a mere condolence from America will not solve the problem. On Thursday, the US Ambassador, Robert Blackwill, called on Shri Advani and held a 40-minute discussion with him. He reiterated US's sympathy, saying, "I have come to meet Home Minister Advani today to echo these sentiments." We do not need any sentiments from America. Mr. Blackwill also restated US Assistant Secretary of State, Ms. Christina Rocca's view that "terrorism against India is as unacceptable -- as if we are accepting it and it is unacceptable to them -- as it is against America or any other country. " So, what we expect from America is that, it should issue a strict warning that this sort of terrorism should not be unleashed by any country, especially by Pakistan. The US Assistant Secretary of State, Christina Rocca's condemnation of the incident, during her interaction with our External Affairs Minister, and President George Bush's telephonic discussion with the Prime Minister, expressing shock over the incident, is not forceful enough to stop this kind of a carnage. The fact that this incident happened on the date of filing of a chargesheet in respect of the attack on Parliament, creates a suspicion in our mind that this is only a retaliation and a revenge by the people of Pakistan. Pakistan claims that this incident happened because of security lapse, but, on the other hand, Shri Farooq Abdullah, the Chief Minister of Kashmir, has denied the statement of Pakistan. He has categorically said that this incident happened because of the cross-border terrorism. The documents, the letters, that have been seized from the deceased, clearly prove that this incident was sponsored by Pakistan.

Mr. Vice-Chairman, Sir, we do not expect a charitable advice from America. To prevent the cross-border terrorism by Pakistan, the United States of America must issue a strong and sincere warning to Pakistan. Merely issuing a statement will not solve the problem. We, the Indians, from Kanyakumari to the Himalayas, are ready to fight the situation. Finally,

I would say that we, the DMK, are bound to obey any decision that is taken by the NDA. Long back, Pandit Jawaharlal Nehru declared a war, we followed her; then, Shrimati Indira Gandhi declared a war, we followed him; I do not know what Shri Vajpayee is going to say, but whatever decision he takes, we are ready to follow him. Thank you.

प्रो. रामगोपाल यादव (उत्तर प्रदेश) : सभापति जी, पिछले कई वर्षों से हम लोग कई बार इस सदन में इस तरह की दुखद घटनाओं पर चर्चा कर चुके हैं और यह फ्रिक्वेंसी बढ़ती ही जा रही है । अगर हम अतीत की तरफ निगाह डालें तो आजादी के तत्काल बाद पाकिस्तान का जो पहला आक्रमण हुआ, तब से लेकर आज तक चार बड़ी लड़ाइयां हो चुकी हैं । दूसरी 1965, तीसरी 1971 और फिर कारगिल की लड़ाई । 1948 में जो पहली लड़ाई हुई उसमें पाकिस्तान ने कश्मीर का जो हिस्सा कब्जाया, उस पर वह आज तक काबिज है । 1965 में जो दूसरा युद्ध हुआ उसमें समझौते के तहत हमने अपनी जीती हुई जमीन भी वापस कर दी । अगर इच्छोगिल नहर तक हमारे सैनिक पहुंच गए थे, सियालकोट की दीवारों तक पहुंच गए थे, वहां से वापस न होते तो संभवतया पाकिस्तान यह जुर्रत कभी नहीं कर सकता था जो अब कर रहा है । 1971 में भी हमारा पलड़ा बहुत भारी था, हम अपनी शर्तों पर समझौता कर सकते थे लेकिन हमने जो जीता था वह वापस कर दिया, जबकि सामान्य तौर पर यह माना जाता है कि युद्ध के बाद नई सीमाएं बनती हैं और जो बहुत उदारता दिखलाते हैं उन्हें यही दिन देखने पड़ते हैं जो आज हिन्दुस्तान को देखने पड़ रहे हैं । कारगिल में भी सारा देश चाहता था, हमारी सेना चाहती थी कि इससे अच्छा कोई और मौका नहीं हो सकता था । उस समय सारी दुनिया का दबाव था, सारी दुनिया मानती थी कि पाकिस्तान रांग साइड पर है । हमारी सेना को उधर जाने का मौका दिया जाए लेकिन वह नहीं दिया गया । पाकिस्तान के सैनिक घिर गए थे, यह बात इस सरकार ने कभी बताई नहीं लेकिन यह सच है कि उन्हें वापस जाने दिया गया, सुरक्षित जाने दिया गया भले ही बाद में प्रेजिडेंट क्लिंटन ने यह बात कही हो, लेकिन यह सत्य है । जब पाकिस्तान यह मानकर चल रहा है कि हिन्दुस्तान हमारा कभी नुकसान नहीं करेगा, कुछ होगा भी तो वापस दे देगा, यह भ्रम ही सही लेकिन है तो वास्तविकता । जिस देश कि मानसिकता ऐसी हो उससे आप यह उम्मीद करें कि वह आपको राहत देगा, आपके साथ नरमी बरतेगा तो मैं समझता हूं कि यह गलतफहमी होगी । अब जो परिस्थिति है उसमें प्रश्न यह है कि हम करें क्या ? इस में कई फैक्टर्स हैं । एक सबसे बड़ा फैक्टर हमें अमरीका का, यूनाइटेड स्टेट्स का लगता है । लेकिन मैं सारे सदन से और खास तौर से सत्ता पक्ष में बैठे हुए लोगों से आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि अमरीका का काम करने का जो तरीका अपना रहा है, उसके अपने इंट्रस्ट में रहा है और ऐसा हर देश का होता है । सबका राष्ट्रहित में, अपने हित में होता है । माननीय नटवर सिंह जी यहां बैठे हुए हैं, जब भी कोई देश किसी अंतर्राष्ट्रीय घटना पर रिएक्शन करेगा तो अपने राष्ट्र के हित को देखते हुए करेगा, नैतिकता और बाकी सारी चीजें बैकग्राउण्ड में चली जाएंगी । चाहे मुनरो डॉक्ट्रिन हों चाहे आइजनहावर डॉक्ट्रिन हों । कौन नहीं जानता कि अमरीका का रुख कैसा था । यहां तक कि प्रेजिडेंट कार्टर ने फारस की खाड़ी के मामले में यह कहा कि इसमें अगर कोई हस्तक्षेप होगा तो वह अमरीका के वाइटल इंट्रस्ट पर अटैक माना जाएगा और अमरीका उसे रिटेलिएट करेगा चाहे सैनिक हस्तक्षेप ही क्यों न करना पड़े । जो देश इस सीमा तक जा सकता है वह यहां हमें उपदेश दे । अगर उसके उपदेशों के तहत हम काम करेंगे तो यह बहुत ही खतरनाक बात होगी । उनसे आप कोई उम्मीद नहीं रखें । लगभग सारी

दुनिया यह मानने लगी है कि बिन लादेन पाकिस्तान में है लेकिन क्या कभी अमरीका ने एक शब्द भी कहा । एक शब्द भी नहीं कहा है और न ही कह सकता है । अगर हिन्दुस्तान की सरकार को कोई गलतफहमी हो तो बनी रही लेकिन हिन्दुस्तान की जनता को नहीं है । प्रश्न यह है कि इन परिस्थितियों में हम किस तरह से ऐक्ट करें । एक और चीज है । लोग कहते हैं कि अगर कुछ होगा तो न्युक्लियर वैपन्स हैं, दोनों तरफ से खतरा है । खतरा तो दोनों को है । माननीय उपसभाध्यक्ष जी, महाभारत में जब यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा कि आश्चर्य क्या है तो युधिष्ठिर ने कहा था कि सब लोग यह जानते हैं कि जो पैदा हुआ है वह मरेगा लेकिन मनुष्य फिर भी मृत्यु से डरता है, यही आश्चर्य है । एटोमिक वैपन्स पाकिस्तान के पास हैं, इस वजह से पाकिस्तान क्रास बॉर्डर टेरेरिज्म से मनमानी करता रहेगा और हम इस वजह से कोई ऐक्शन नहीं लेंगे कि न्युक्लियर वैपन्स का प्रयोग हो सकता है ...।उससे बहुत बड़े पैमाने पर जन-धन की क्षति हो सकती है तो फिर यह तो है नहीं कि बहुत संयत रहें और संयत रह कर हम यह कहें कि मुशर्रफ साहब, आप हम पर, हमारे देश पर कृपा कीजिए, अब बहुत हो चुका है, किसी तरह से शांति बनाए रखिए, तो क्या शांति हो जाएगी ? इस तरह से क्या कभी शांति कायम हो सकती है, कभी नहीं हो सकती । हां, यह जरूर है कि अगर आपको जो शातिर किस्म का दुश्मन हो उससे अगर लड़ना ही है तो देश को एक रखना होगा । यह सब से बड़ी चीज़ है । कमजोर दुश्मन से भी डिवाइडेड हाउस के रहते लड़ा नहीं जा सकता । देश में इस समय जो स्थिति है उसे देखते हुए सत्ता पक्ष की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि इस देश को एक रखें । देश में जब रोजाना यह पर्चे बंटेंगे कि एक निश्चित धर्म से जुड़े हुए लोगों की दुकानों से कोई चीज न खरीदी जाए, उनको लाभ होता है, उनका बहिष्कार किया जाए । आखिर वे भी सेना में हैं, वे भी लड़ते हैं, उनका अतीत भी गौरवशाली रहा है, ब्रिगेडियर उस्मान से लेकर अब तक और इसे कोई नकार नहीं सकता है । आज जितनी पाकिस्तान की आबादी नहीं उससे ज्यादा मुसलमान हिन्दुस्तान में रहते हैं । फिर कुछ लोग, अगर हिन्दुस्तान में डंके की चोट पर पूरी आबादी के लिए प्रश्न सूचक चिन्ह लगाएं, उनकी नीयत पर प्रश्न सूचक चिन्ह लगाएं, उनके बारे में अनाप-शनाप कहें और एक शब्द भी सत्ता पक्ष की तरफ से ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ न कहा जाए तो मुळो लगता नहीं कि आप पूरे मन से किसी के खिलाफ एक जुट होकर लड़ने की बात सोच रहे हैं । यह सब से जरूरी चीज है । एक बात मैं और कहना चाहता हूं और वह यह है कि रोज़ हम सुनते हैं कि साहब, फलां चीज़ इंटरसैप्ट हुई । हमें लगता है कि आपकी सारी इंटेलीजेंस जो है उसमें से आधे से अधिक तो इसी में लगी रहती है कि विपक्ष के पोलिटीकल लोग क्या बात करते हैं, उसको इंटरसैप्ट किया जाए । लेकिन दुश्मन क्या कर रहा है बॉर्डर के उधर से क्या हो रहा है। उसका इंटरसैप्शन आज तक नहीं हो पाया । किसी को आज तक पता नहीं चल पाया, पार्लियामेंट पर हमला हो गया, सब हो गया और रोज़ हो रहा है, कभी पता नहीं चल पाता है । आपकी एनर्जी अलग-अलग दिशा में जा रही है और जब दुश्मन से लड़ना होता है तो फ्रंट एक खोलिए, अलग फ्रंट नहीं खोले जाते और जब दो-दो फ्रंट खोले जाते हैं या विलम्ब करते हैं तो उसका नुकसान ळोलना पड़ता है । इसलिए मैं चाहूंगा कि इस देश को एक रखने की कोशिश कीजिए । देश में लोगों के साथ जो हो रहा है, गुजरात में जो हो रहा है, उस पर जब तक आप मरहम नहीं लगायेंगे तब तक उनके बच्चे जो सेना में हैं वे क्या पूरे मन से लड़ेंगे, उनको यह चिंता बनी रहेगी कि पता नहीं उसके परिवार वालों का क्या होगा, उनका जीवन सुरक्षित है या नहीं, उनसे कैसे उम्मीद कर सकते हैं कि पूरे मन से लड़ेंगे । और यही नहीं किसी भी मसले पर अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का यह मान्य सिद्धांत है कि अगर आपको किसी से मुकाबला करना है तो

पहले अपने घर को एक रखना होगा ताकि किसी को पैर रखने की जगह न मिले । आप यह कीजिएगा और मैं इस चीज़ से बिल्कुल सहमत नहीं हूं हालांकि प्रोनाउंसमेंट के जरिए घोषणा करके कभी कोई लड़ाई नहीं होती है, स्ट्रैटेजिक प्वायंट आफ़ व्यू से ये बहुत ही महत्वपूर्ण चीज़ें होती हैं । जितना लोगों को कंफीडेंस में रखा जाए, उतना अच्छा है, लेकिन संयम की भी एक सीमा होती है । आप कहें कि कूल हेडेड, कूल हेडेड होकर क्या करें दुनिया के किसी देश ने आज तक इतना संयम नहीं बरता जितना संयम आज तक हमने बरता है । कोई मामूली देश भी हो, एक बहुत छोटा सा देश भी होगा जो आपके देश की तुलना में सामरिक दृष्टि से बहुत कमजोर हो, वह भी इतना संयम नहीं रखता जितना हिन्दुस्तान ने रखा है । हिन्दुस्तान के अपने कल्चर और अपनी सभ्यता के अनुकूल जो हमारी सहनशीलता है उसकी पराकाष्ठा पर जा कर भी संयम बरतने का काम किया है । अब संयम की भी एक सीमा है । हम यहां बैठे हैं, जो गांव में जाते हैं और जनता के बीच में जाते हैं तो जनता क्या कहती है यह अगर आप सुनें तो कोई यह नहीं कहेगा कि अब संयम की जरूरत है । आप ट्रेन में जा रहे हों, अगर मालूम पड़ जाए कि आप मैंबर आफ़ पार्लियामेंट हैं तो लोग पूछने लगते हैं कि कितने लोगों को आप और मरवाओगे, जब पाकिस्तानी सेना हिन्दुस्तान में दिल्ली तक आ जाएगी, तभी आप जागेंगे । यह लोगों की धारणा है । इसलिए मैं चाहूंगा इस गवर्नमेंट से कि बार-बार यह नौबत न आए क्योंकि पार्लियामेंट तो रिजॉल्व कर चुकी है । पार्लियामेंट बहुत बार रिजॉल्व कर चुकी है । कोई सरकार यह नहीं कह सकती है कि विभिन्न पॉलिटिकल पार्टीज ने आप का साथ नहीं दिया है । एक वॉइस से, एकमत से पूरे देश ने, पूरी संसद ने और सारे राजनीतिक दलों ने जब कभी भी इस तरह की बात आई है, हमेशा सरकार का साथ दिया है । लेकिन अभी गुलाम नबी आजाद साहब ने कहा कि आज वहां लोगों का काम-धंधा सब कुछ खत्म हो गया है, उन के लिए रोजी-रोटी का साधन नहीं बचा है। इसलिए पाकिस्तान यहां के लोगों को लालच देकर टैरेरिज्म की ट्रेनिंग के लिए बुला लेता है । अगर उन को रोजी मिले तो कोई उधर नहीं जाएगा, लेकिन जब लोग भूखों मर रहे होते हैं तब लोग चले जाते हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, जब से काश्मीर में टैरेरिज्म बढ़ गया तब से उन के लिए खेती, रोजगार खत्म हो गया है । वहां रोज खेती जला दी जाती है । वहां कई मिलियन हैक्टेयर गेहूं जला दिया गया। खड़ी फसल में कोई गोली चला देते हैं जिससे आग लग जाती है । ऐसा वहां रोज होता है । इस तरह वहां के लोग न जी पा रहे हैं और न मर पा रहे हैं । मुझे याद है, कारगिल युद्ध के दौरान प्राइम मिनिस्टर ने लीडर्स की मीटिंग बुलाई थी तो फारुक अब्दुल्ला ने कहा था कि रोज-रोज मरने के बजाय अच्छा है, एक बार इधर या उधर हो जाय । उस समय आप सब लीडर्स बैठे हुए थे । महोदय मैं इस सरकार पर आरोप लगाता हूं कि आप ने जितना समय गंवाया है, उतना किसी ने कभी नहीं गंवाया है । ऐसे अवसर आए हैं जबकि कभी भी आप पर कोई आरोप नहीं लगा सकता था । आप पाकिस्तान से बदला ले सकते थे । जब पहलगाम में आतंकवादियों का हमला हुआ, तब आप स्टैप ले सकते थे, कारगिल के समय आप की सेना वहां जा सकती थी, काश्मीर असेंबली पर अटैक हुआ तब आप का हमला हो सकता था और जब हिंदुस्तान की पार्लियामेंट पर हमला हुआ तब तो एक मिनिट का भी विलंब किए बगैर हो सकता था और आप से कोई कुछ नहीं कह सकता था । मैं पूछता हूं क्या किसी ने आप से कभी कुछ कहा है । महोदय, जिस का अपर हैंड होता है, उस से कभी कोई कुछ नहीं कहता है । अगर लगेगा कि आप कमजोर हैं तो सब आप को आंखें दिखाएंगे और अगर लगेगा कि आप ताकतवर हैं तो कभी आप को कोई कुछ नहीं कहेगा । पाकिस्तान को कोई गलत नहीं कह रहा है जबकि सब जानते हैं कि सब कुछ वही करवा रहा है । इसलिए मैं चाहूंगा कि

हिंदुस्तान की सरकार अब ऐसी नौबत न आने दे कि हम फिर संसद में इसी विषय पर चर्चा करें । यह मेरी आप से प्रार्थना है । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

श्री के0 नटवर सिंह (राजस्थान) : आप का बहुत-बहुत धन्यवाद । जहां तक जम्मू-काश्मीर का सवाल है, वहां कोई दो या तीन नीति नहीं हैं । जम्मू-काश्मीर पर एक राष्ट्रीय नीति है जो पिछले 55 सालों से चली आ रही है । महोदय, मैं 20-25 साल पहले पाकिस्तान में राजदूत रह चुका हूं और आप के माध्यम से कहना चाहता हूं कि पाकिस्तान को इस मुगालते में नहीं रहना चाहिए कि जम्मू-काश्मीर के सवाल पर यहां जरा भी मतभेद है । भगवान न करे कि जंग के हालात बनें, मगर अगर ऐसा हुआ तो भारतवर्ष का हरेक नागरिक उस वक्त एक होगा। महोदय, आज जो स्थिति बनी हुई है, हमारे बहादुर सैनिक 5 महीने से सरहद पर हैं । उन की जितनी तारीफ की जाए उतनी कम है । मगर मैं सरकार से पूछूंगा कि क्या हमें उस से कोई विशेष फायदा हुआ है, कोई पॉलिटिकल या डिप्लोमेटिक गेन हुआ है और यह स्थिति कब तक रहेगी ? हम जानते हैं कि यह उन के हाथ में नहीं है, यह पाकिस्तान के हाथ में है। और, दूसरे जो टेरारिज्म के खिलाफ इंटरनेशनल कोलिएशन बनी हुई है, उन्होंने सेकेण्ड फेज कब शुरू किया? कहा गया था कि फर्स्ट फेज खतम हो जाए तालीबान, अलकायदा का, फिर दूसरा फेज शुरू होगा । आज भी क्रोस बोर्डर टेरारिज्म जारी है, तो इंटरनेशनल कोलिएशन से जो विशेष लाभ हुआ हो, जो मेरी मोटी अकल में सामने नही आ रहा, उस पर भी सरकार रोशनी डाले तो हम सब लोग बहुत आभारी होंगे ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, अन्त में जाकर आपको बातचीत करनी होगी । यह कब करनी होगी, इसका फैसला सरकार करेगी । हमने तो कहा, जैसा हमारे पार्टी लीडर ने कहा कि हमने आपको एक ब्रॉड सपोर्ट दे रखी है, डिटेल्स आपके पास हैं । अब जो मेरे भाई ने यहां महाभारत का जिक्र किया था, तो मैं बताना चाहूंगा कि सबसे पहले हिन्दुस्तानी डिप्लोमेट कौन थे ? वह थे भगवान श्रीकृष्ण । जब युद्धिष्ठर ने भगवान कृष्ण से कहा कि जाओ, कौरवों से कहो कि तुम, यह क्या कर रहे हो ? कोई समझौता निकालो । तो द्रौपदी ने कहा कि आप क्यों जा रहे हैं, भगवन्। उनका जवाब तो आपको मालूम है । तो श्रीकृष्ण ने जवाब दिया कि यह तो हमारा धर्म है कि सब कुछ करने के बाद जंग का फैसला लें, जिससे दुनिया यह न कहे कि शांतिपूर्ण हल के लिए हमने कोशिश नहीं की । इसलिए मैं कहूंगा कि हिन्दुस्तान में पहले डिप्लोमेट श्रीकृष्ण हैं और उनको हमें मदेनजर रखना चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह सवाल पैचीदा क्यों हो गया है ? क्योंकि हम न्यूक्लीयर पावर बन गए हैं । इसकी वजह से अमरीका भी दिलचस्पी ले रहा है और इसकी वजह से मुशर्रफ साहब की हिम्मत हो रही है कि वह आतंकवादियों को कहते हैं कि जाओ । इसका हल दो तरीकों से निकलेगा । एक तो यह कि जंग, लड़ाई करिए, लेकिन उसके परिणाम सबको मालूम हैं कि क्या होंगे । हम यह नहीं कह रहे कि हम पीछे हट रहे हैं । दूसरा तरीका होगा कि बातचीत करिए और बातचीत भी किस दायरे में हो ? शिमला एग्रीमेंट के दायरे में हो, लाहौर डिकलरेशन में हो क्योंकि लाहौर डिकलरेशन शिमला एग्रीमेंट का एक एक्सटेंशन है । बातचीत कब होगी, नहीं होगी, इसका फैसला तो सरकार करेगी । हम सब इस गंभीर मामले में सरकार के साथ हैं । मैं एक बात कहना चाहूंगा, जैसा अभी मेरे भाई सहाब ने कहा कि कोई भी छोटा मुल्क इतनी सहनशीलता नहीं दिखाता, लेकिन चीन कितना बड़ा मुल्क है, वह कल ताइवान में जा सकता है, मगर गया नहीं, फैसला नहीं किया । हॉंगकांग के लिए 50 साल तक चीन समझ

गैते के लिए रुका रहा, जबकि वह 24 घंटे में ताइवान में जा सकता है, 24 घंटे से कम में हॉंगकांग में जा सकता है, मकाओ में भी जा सकता है । तो कुछ सवाल ऐसे होते हैं, जिनका जवाब इतनी जल्दी नहीं मिलता है । मैं यह नहीं कहता कि 50 साल और चलेगा, मगर यह कदम जरूर उठाना चाहिए कि कभी-न-कभी जब आप फैसला करे, पाकिस्तान से बातचीत हो तो सारी पार्टियों से आप बातचीत अवश्य करें, हर हफ्ते बातचीत करें । आपकी मिलीजुली सरकार है, आपकी एक पार्टी की सरकार नहीं है, इसलिए मैं समझाता हूँ कि यह बहुत जरूरी है, आपको सलाह-मशविरा करना चाहिए । आपको गंभीरता से बताना चाहिए कि यह जो आतंकवाद कश्मीर के अंदर है इसको बंद करने का इलाज आप अमरीका के जरिए ढूंढेंगे या दोतरफा हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच होगा ? यह निर्णय तो आपको करना है । धन्यवाद ।

this inherent conflict till such time as America has done with Pakistan in whatever way that America wants, we cannot do away with Pakistan in the manner that we want. Therefore, we need a policy statement from the Government of India, which has not come in the last four years. It is very interesting, Mr. Vice-Chairman. I am just finishing. I will take a few minutes only. The other day, we said, "We do not recognise the Ambassador of Pakistan to India. We will not deal with him." What is he doing in India? He is still in India; he is still confabulating with everybody in India, in New Delhi! He is doing all the activities that he was doing before. We have not even had the courage to make a statement that he shall be evicted from India. If we do not even have the courage to evict a person whom we no longer recognise, who is, in fact, confabulating and doing all the things that he used to do, where is that policy we are talking about? Of course, we are all united and we are going to be behind you. There is no question about it. But you must lead from the front. You must convince your partners. You send messages on a daily basis. In the next couple of weeks, Mr. Richard Armitage, the Under-Secretary of State, is coming. I think in the last 1-1 1/2years, every week, we have had an American diplomat coming. And everytime, you explain to them. In fact, Advaniji said a wonderful thing. He said, "I want the 20 terrorists in India. I want to try them in India." When, in fact, his request was refused by stating that those 20 terrorists would not come to India, then, what did he say? It is very interesting. Advaniji scaled down his demand and said, "Please, at least give us the don, Dawood Ibrahim. Return him to India.."--I quote him--"as that would have an electrifying impact". Please do something that will have an electrifying effect. That is why I said the other day, "You people are NATO--No Action, Talk Only". That is what you are! It is time for you, before you take action, to think. Don't jump without thinking, as you did in Lahore, as you did in Agra. Without any plan of action, you went in and embraced those who were stabbing you in the back. (*Interruption*). Please have a policy. We will support you in whatever way we want. But before you act, think, as you have never done in the last four years. Thank you very much.

SHRI B.P. SINGHAL (Uttar Pradesh): I thank you, Sir, for giving me this opportunity. The debate was started by hon. Member, Shri Pranab Mukherjee. He said, "We are not here to score debatable points." I do not think any of the Congress speakers have done anything but trying to score debatable points. It is unfortunate.

SHRI NILOTPAL BASU: 'Debating' point.

SHRI B.P. SINGHAL: Other speakers have also spoken. Ram Gopalji has spoken. Others have spoken from the Opposition. They came up with very fruitful suggestions as to what should be done. Anyway, that is not the point.

The point I want to make is, in the international arena, the law of the jungle still prevails, no matter how civilised the countries may have become. Might is right and that is what is the law in the international area. And the earlier we understand it, the better for us. We need to tell the US certain things. No.1: "Please stop all officers of the State Department to visit India. Each visit means a catastrophe here. We do not want them at all. Let them stay back."

The second thing that we need to tell America is: Each visit means a catastrophe. We do not want them at all. Let them stay there. The second thing that we need to ask America is, get out of Pakistan to enable us to move into our place, because till America is there, it will be a peculiar situation, and until America is asked to get out of Pakistan, we cannot move in. I want to communicate this as the sentiment of the House, and I hope the House is with me on this.

The third thing--it was raised earlier also--we need to ask America is: "What about your third phase? When is that going to come?" Shri Natwar Singh has put it very succinctly. We need to ask them all this because, I don't think, with the kind of sentiment prevailing in the House, that if there is anything that is stopping us, it is, perhaps, the American pressure on us, we can gain anything.

So far as the nuclear threat is concerned, I do not know why we are scared of the nuclear threat. I have not heard anyone in Pakistan talking about a nuclear India! They do not seem to be afraid, but we are afraid! And they know jolly well that they might be able to destroy some strategic things and cause suffering to millions of lives here. But Pakistan, as a nation, will be demolished in the nuclear war; I am sure, they also know this fully well. We also need to ask America as to what has happened to the thousands of Talibans who were there in Pakistan. How many of them were killed? Only a handful! Where are the rest? What are they doing after bombing? Is there any news about them? Where are they? If they are not in Pakistan, they are going to make a beeline to Kashmir. Now, the snow is melting. Let there be an alert. I think it is time the leaders of all parties get

together, discuss what action is to be taken or if it is inaction, why there is this inaction, and what needs to be done. The entire political spectrum in this country has to come together before any action is taken. Of course, when the action is taken, they will all rally behind; there is no doubt about that.

In the end, I can only say that the response, whenever such events take place, of both the Opposition and the media is baffling to me. They immediately start running down the Government. They do not bother what kind of message goes abroad by such an attitude. It does not matter if I cut my nose to spite the enemy! That was the kind of attitude, and that was the kind of thing I saw when Mr. Pranab Mukherjee was speaking, when Mr. Ghulam Nabi Azad was speaking, and when Mr. Kapil Sibal was speaking. Only Mr. Natwar Singh was, like a matured person, giving very positive ideas. But the speeches of rest of the Members might have pleased those who send marauders into the Valley. They are not meant to boost the social morale of the people or the morale of the Armed Forces. They were condemning the Armed Forces, that the terrorists could enter the precincts or the places where the families were living shows a lapse on the part of the Army! But that does not seem to bother them.

In the end, I would like to say that when we launch out, we have to be very clear about our objectives; whatever we launch out for, whether it is the destruction of the centre of terrorism, whether it is to ensure a free and fair election, I think, stopping of the cross border terrorism and any threat from outside is a pre-requisite.

श्री अबनि राय (पश्चिमी बंगाल): उपसभाध्यक्ष जी, चौदह मई की जो घटना घटी है वह बहुत दुखद घटना है । जो आंकड़े हमारे पूर्ववक्ता, श्री गवई साहब ने दिए हैं, उन आंकड़ों को देखें तो ऐसी घटनाएं इस सरकार के टाइम में बहुत बार घट-बढ़ चुकी हैं, जिनकी हमने निन्दा भी की है और हम निन्दा प्रस्ताव भी यहां लाए हैं । लेकिन इससे टेरेरिज्म रुका नहीं है, आतंकवाद खत्म नहीं हुआ है । हमारे देश की सबसे दुर्भाग्यपूर्ण रात वह थी, जब 1947 में आजादी की लड़ाई लड़ने के बाद, देश को खंडित करके आजादी मिली थी । इत्तेफाक से विभाजन के समय यह घटना जिन दो राज्यों में घटी उन दोनों राज्यों में उस समय क्रांतिकारी विद्यमान थे। उसके बाद लगातार कभी न कभी लड़ाई चलती रही और उसकी कीमत हम चुकाते रहे और अभी भी क्रास बार्डर टैरेरिज्म की घटनाएं चल रही हैं। हमें याद है कि यह सरकार कुछ दिन पहले "पोटा" लाने में व्यस्त थी और उस समय यह कहा गया कि हम क्रास बॉर्डर टेरेरिज्म खत्म कर देंगे । "पोटा" लाया गया, लेकिन क्रास बॉर्डर टेरेरिज्म चलता गया । जम्मू-कश्मीर के आवाम को हम किसी ढंग से भी अपनी आस्था में नहीं ला पाए ; जब हिज्बुल और मुजाहिदों ने वहां महिलाओं को बुर्का पहनाने की कोशिश की, तब भी हम उन्हें अपनी आस्था में नहीं ला पाए । हमने वहां के आवाम पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया और ना ही इस पर ध्यान दिया

कि उन्हें कैसे और किस ढंग से अपनी ओर खींचकर लाया जाए । हम ऐसा नहीं कर पाए कि वहां के हिंदू पंडितों को जिन्हें यहां निकालकर लाए थे, उन्हें वापस भेज सकें । अगर हमारे देश की राजनीतिक इच्छा, जिसका जिक्र अभी कपिल सिब्बल जी ने किया, अगर यह हमारी राजनैतिक इच्छा न हो, हमने अपनी संसद और सांसदों को बचाने के लिए जिस ढंग की सुरक्षा यहां कर रखी है, अगर अपनी सीमाओं को बचाने के लिए उस ढंग की सुरक्षा सीमाओं पर न कर सकें तो खाली पाकिस्तान से ही नहीं बल्कि दूसरे देशों से भी हम पर हमला हो सकता है । मैं इसीलिए सरकार के सामने यह कह रहा हूं कि हमारी सीमाओं पर सुरक्षा की ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए जिससे हम देश की सुरक्षा हर ढंग से कर सकें । किसी भी आतंकवादी को हम प्रवेश न करने दें और हमारे देश के किसी नागरिक को उस देश में जाने की इजाजत दें । लेकिन यह हमारा दुर्भाग्य है कि हम ऐसा नहीं कर पा रहे हैं । जब राष्ट्र सुरक्षा की बात आती है तो हम सभी लोग यहां बैठकर बात करते हैं, सभी राजनैतिक दल इकट्ठे होकर राष्ट्र को बचाने की कोशिश करते हैं लेकिन दुर्भाग्य यह है कि उस टाइम तो सभी दल राष्ट्र हित में, राष्ट्रीय सुरक्षा में एक साथ हो जाते हैं लेकिन यह साथ सदा नहीं रहता इसलिए राष्ट्र हित के लिए, राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जो राष्ट्रीय चरित्र होना चाहिए, जो राष्ट्रीय चेतना होनी चाहिए, जो राष्ट्रीय दबाव होना चाहिए, अगर हम वह नहीं करेंगे तो राष्ट्र को नहीं बचा पाएंगे । जब घटनाएं घटती हैं तो हम यहां आकर निन्दा प्रस्ताव लाते हैं लेकिन जब घटना कम हो जाती है तो हम देश में कभी राम मंदिर बनाने की कोशिश करते हैं तो कभी गुजरात बनाने की कोशिश करते हैं , ऐसा नहीं होना चाहिए हमें सुरक्षा के लिए पूरे देश को, देश के आवाम को एक जगह लाना होगा । हमारे देश की सरकार अगर देश की रक्षा के लिए इसे ठीक नहीं करेगी , रास्ता ठीक नहीं करेगी तो हम देश को नहीं बचा पाएंगे इसलिए मेरी इस सरकार से दरख्वास्त है कि पूरे देश के आवाम को आस्था में लाया जाए, कांफिडेंस में लाया जाए, पूरे देश की सुरक्षा देश की नागरिकों से कराई जाए । जो कुर्बानियां हमारे जवान लोग दे रहें हैं,जम्मू-कश्मीर या दूसरे प्रांतों में जो हत्याएं हो रही हैं उन्हें रोकने के लिए पूरे देश को एक साथ आगे आना चाहिए । देश को एक साथ आगे लाने की जिम्मेदारी इस सरकार की है और मुझे आशा है कि सरकार यह जिम्मेदारी निभाएगी । धन्यवाद ।

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : श्री शरीफ-उद-दीन शरीक, कृपया बहुत संक्षेप में बोलिएगा।

श्री शरीफ-उद-दीन शरीक (जम्मू एवं कश्मीर): उपसभाध्यक्ष जी, बहुत मेहरबानी है कि मेरी बहुत छोटी पार्टी और बहुत कम समय होने के बावजूद आपने मुझे दो-तीन मिनट का समय दिया है । यह रोना, जो आज हम यहां रो रहे हैं यह हम पिछले बारह-चौदह साल से रो रहे हैं । इसका बहुत अच्छा जवाब पाकिस्तान को इस हाउस से, लोकसभा से, इस तरफ से, सहयोगी दलों से और जो दूसरे नेता हैं, उनसे मिल रहा है कि इस सिलसिले में सब एक हैं । मुल्क की हिफाज़त के लिए, दहशतगर्दी के खात्मे के लिए, क्रॉस बॉर्डर टैरेरिज्म को जेरे जमीन दफ़न करने करने के लिए आपसी इख्तलाफात, चाहे नज़रियाती सही, सियासी सही, लेकिन इस बारे में सब एक हैं । यह हम सब के लिए एक हौसला अफज़ाह बात है, खसूसन हम कश्मीर के लोगों के लिए, जो इसका शिकार हैं, कि हमारे मुल्क ने बहुत सब्र से काम लिया । लेकिन सब्र की भी कोई हद होती है । कल जब मैंने टेलीविज़न पर, मैं अल्लाह को हाज़िर नाज़िर समझकर और कसम खा कर कहता हूं, जब मैंने कल टीवी पर एक सिपाही के छोटे कमसिन बच्चे को दाह-संस्कार करते हुए देखा तो मुझे लगा जैसे हमारा अपना बच्चा उस आग में जल रहा है, क्योंकि

न किसी दीन में, न मजहब में, न उसूल में, न दुनिया के किसी फलसफे में इस दहशतगर्दी, बर्बरियत और दरिंदगी को कभी मंजूर किया गया है । यह ठीक है, हमारे बड़े उसूल हैं, हमारा पसमंजर बहुत बड़ा है, हमारा तमद्दुन है, लेकिन सब्र की भी कोई हद होती है । इस सब्र में अगर यह सोचें कि फिर हमको नुकसान हो सकता है, फिर न्यूक्लीयर हो सकता है, फिर यह हो सकता है, फिर वह हो सकता है, तो यह बार-बार मरना हमको पसंद नहीं है । अगर मरना ही है तो एक ही बार क्यों न मर जाएं । उस एक कौम को नेस्तनाबूद करने के लिए साजिशें की जा रही हैं । अमरीका से खातून साहिबान आती हैं और हमें कहती हैं कि आप संयम कर लो, आप आराम से कर लो, आप सब्र कर लो और जब उन पर वार होता है तो सब सटपटा उठते हैं कि तुम दहशतगर्दों के साथ हो या हमारे साथ हो, एक फैसला कर लो । उस वक्त तो एक फैसला करना है और जब हम पर विपदा आती है तो 15-15 साल तक हमें यह नहीं कहा जा रहा कि यह मिलिटेंसी की लड़ाई है । वे अपने मफादात और अपने तराजू को अपनी तरफ पलट कर देखना चाहते हैं और इस कौम, इस मुल्क, इतने ताकतवर मुल्क के अवाम के जजबात की कोई कद्र नहीं करते हैं और फिर भी हम यह समझें कि वे हमारे दोस्त हैं । आपके लिए अमरीका और दूसरे मुल्क दहशतगर्दी के खिलाफ लड़ने नहीं आयेंगे, बहरहाल यह लड़ाई आपको खुद लड़नी है । आप दूसरों का इंतजार मत कीजिए और तमाम वसाइल जो आपके पास हैं उनको इकट्ठा करके एक बार फैसला कर लिया जाए कि इस चीज़ को जेरे जमीन करना है। यहां की सरकार डा0 फारुक अब्दुल्ला की कयादत में दस साल से एक फौज और खुद एक फौजी जनरल की तरह से इस चीज़ के खिलाफ दे लड़ रहे हैं । डा0 अब्दुल्ला पर हमले हुए, उसके बेटे को मारने की साजिशें हुईं, हमारे साढे तीन हजार वर्कर मारे गए । लेकिन जब यहां किसी अखबार में यह बात चली कि फारुक अब्दुल्ला को वाइस प्रेसीडेंट बना रहे हैं तो किसी बाजारू टाइप लीडर ने कहा कि फिर जनरल मुशर्रफ को बनाना चाहिए । एक जनरल आपका लड़ रहा है और पीछे से आप नुक्ताचीनी करेंगे तो कैसे आप इस चीज़ को समाप्त करेंगे । कल पता नहीं कोई एक टेलीविजन डिबेट में, एचवीआई है या वीएचपी मुझे नहीं मालूम सही तरीके से मैं लिखा जल्दी में, उन्होंने कहा कि फौज को दे दो, फौज खुद संभाले, सरकार इसमें कुछ दखल नहीं देगी, लेकिन फौज कोई अलग चीज नहीं है, फौज सरकार की कमांड में होती है। चंद दिमाग मिल कर फैसला करते हैं और फिर फौज को हुक्म दिया जाता है कि यह कर लो। वह दिमाग अगर एक्शन के लिए तैयार नहीं है तो फौज क्या करेगी ?

दूसरी बात यहां डिप्लोमैटिक प्रैशर की हुई । यह बहुत जरूरी बात है कि अगर दुनिया में हमारा असर-रसूख है तो हमें दुनिया के लोगों को झिंझोड़ना चाहिए और उनसे कहना चाहिए कि हमारे बच्चों से लेकर बूढ़ों तक को फना किया जा रहा है और आप लोग आवाज़ नहीं उठा रहे हैं, आप बात नहीं कर रहे हैं, आप अपने मुल्क के मफाद को देख रहे हैं, हमारे मफाद को नहीं देख रहे हैं, तो डिप्लोमैटिक सतह पर इसको आगे बढ़ाने की बहुत जबर्दस्त जरूरत है । इसी के साथ, पाकिस्तान और हिन्दुस्तान के दूसरे जो दुश्मन होंगे, उनको इस वक्त हमको यह कहना है कि हम हिन्दू, मुसलमान, सिख, ईसाई, पारसी हर रियासत के मुत्तहिद हैं, हम सब एक हैं । अगर एक तरफ हम फिरकावाराना जेहनियत को हवा दें और दूसरी तरफ मुल्क की मजबूती की बात करें, तो ये दोनों बातें नहीं चलेंगी । हमें दहशतगर्दी को खत्म करना है, फिरकापरस्ती को खत्म करना है और मुल्क में हमारी आईन के उसूलों को उजागर करना है, उन को आगे बढ़ाना है । इस तरह हम इखलाकी तौर पर मजबूत होंगे और दुनिया के सामने अपनी गर्दन ऊंची कर सकेंगे । इस वक्त मुल्क में अमन-ओ-आमान के लिए तमाम पार्टियों को

मिलकर काम करने की जरूरत है । यह एक वाज़ह जवाब होगा पाकिस्तान के लिए । इसी के साथ अभी एक दोस्त ने कहा कि आज काश्मीर के लोगों का दिल जीतने की जरूरत है । काश्मीर के लोग कभी पाकिस्तानी नहीं थे । अगर उन को पाकिस्तान की ख्वाहिश होती तो सन् 47 में पाकिस्तान श्रीनगर की गलियों में आया था । महाराजा डा0 कर्ण सिंह यहां मौजूद हैं, वह हवाई अड्डे तक आया था और काश्मीर के लोग डंडे और लाठियां लेकर बाजारों में निकले थे और कहा था, "पाकिस्तानी दरिंदो वापिस जाओ।" आज भी वही लोग हैं, लेकिन आप थोड़ा दिलबरी से काम लीजिए । उन को दोस्त समझिए, शक-शुबा से बालातर होकर उन को अपनाइए, उन की मुश्किलात को देखिए, उन की तबाह हालत को देखिए, उन की बेरोजगारी को देखिए । इन चीजों को हल कर दीजिए । हम ने इतने बड़े मुल्क के साथ अपना दामन जोड़ दिया है । हमारे दिल को और जख्मी नहीं कीजिए, वे वायदे पूरे कर दीजिए जो हमारे साथ किए हैं । साथ ही वहां की तरक्की के काम के लिए हमें पैसा दीजिए । हमें रोज-रोज भीख मांगने के लिए, बेइज्जत होने के लिए मत कहिए । हमें जो हिस्सा मिलता है, वह दीजिए, उस के अलावा दीजिए क्योंकि हम देश को डिफेंस कर रहे हैं । इस तरह आप काश्मीर के लोगों का दिल जीत सकते हैं । वही काश्मीरी जो सन् 47 में कहता था "हमलावर खबरदार, हम काश्मीरी हैं तैयार" आज भी वे सड़कों पर इसी तरह निकल रहे हैं । आज भी वे गोलियां खा रहे हैं । 14 मई वाला वाकया जितना दिल-खराश है, वहां इतने दिल-खराश वाकये हो गए हैं । क्या हिंदू, क्या मुसलमान, क्या सिख किसी को नहीं बख्शा गया है । आप काश्मीरी पंडितों को वापिस ले जाने की तैयारी कीजिए, उन को अमन-ओ-आमान में बसाइए तब हमारा समाज फिर उस शक्ल में वापिस आएगा जिसे हम मुख्तसर हिंदुस्तान, लिमिटेड हिंदुस्तान और मिनी हिंदुस्तान के नाम से कहते थे और जहां से भाईचारे और प्यार की फुहार आई थी । जहां से महात्मा गांधी ने सन् 47 में कहा था कि मुझे काश्मीर से रोशनी की किरण नजर आ रही है । उस रोशनी की किरण को दोबाला करने के लिए सारी पार्टियां, सारे लोग, सारे रहनुमा आगे आ जाएं, आगे बढ़कर हमारा हाथ थाम लें। हम इंशा अल्लाह ताला, इस दरिंदगी को, इस क्रॉस-बॉर्डर टैरेरिज्म को, इस गली जेहनियत को ज़ेरे ज़मीं दफन कर देंगे, ये आप के साथ हमारा वायदा है । खुदा हाफिज ।

श्री आर0 एन0 आर्य (उत्तर प्रदेश) : धन्यवाद, उपसभाध्यक्ष महोदय । मैं चंद मिनिटों में अपनी बात सदन के सामने रखूंगा । हमारे देश में चारों तरफ के लोग कहा करते थे कि हम बृहद् भारत बनाने के लिए अपनी सीमाओं पर शांति स्थापित कर अन्य देशों से मोहब्बत बढ़ाने का प्रयास करेंगे । उसी मोहब्बत को बढ़ाने के लिए माननीय प्रधान मंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने मैत्री यात्रा कर पाकिस्तान के साथ शांति स्थापना के प्रयास किए हैं जिस से कि देश और विश्व में हमारी विश्वसनीयता स्थापित हो, लेकिन आज वह विश्वसनीयता टूटती नजर आ रही है । महोदय, हम सभी जानते हैं कि गंदगी से जो मच्छर पैदा होता है, उस के आंख में घुसने पर उसे तोप या बंदूक से नहीं मारते, उसी प्रकार से गंदे दिमागों की उपज आतंकवादियों की हिंसक कार्यवाहियों ने भारत के बहुसंख्यक शांति-प्रिय लोग एकाएक चिंताकुल हैं और हम कोई हिंसात्मक कार्यवाही करें, इस पर आज यह सदन विचार कर रहा है । उपसभाध्यक्ष महोदय, आज जिस तरह से मुट्ठीभर लोग देश में हिंसा फैला रहे हैं, उस से यह सदन चिंतित है, लेकिन पाकिस्तान ने सन् 71 की लड़ाई में भारत के साथ टकराकर अपनी जो हालत देखी है, उसे वह याद होगी और उसे पता होगा कि अगर वह भारत से दोबारा टकराएगा तो उस की क्या हालत होगी ? जम्मू-काश्मीर के लोग चट्टान की तरह भारत का अभिन्न अंग होने के कारण ....। पाकिस्तान को आतंकवादियों का सहारा लेना पड़ रहा है । उसे भारत से टकराने का जनमत

हासिल नहीं है और जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी इसलिए भेज रहे हैं कि जम्मू-कश्मीर के नागरिक भारत के साथ चट्टान की तरह जुड़े हुए हैं । इन जम्मू-कश्मीर के नागरिकों की हिफाजत करना भारत सरकार का दायित्व है, इस देश का गौरव है । वहां जो शहीद हुए हैं, हम उन लोगों को, उन शहीदों को शत-शत नमन करते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं समझता हूँ कि 14 मई की घटना पर यह जो आज माननीय सदन में चर्चा हो रही है, उस पर हमारी सरकार, भारत सरकार जो करेगी, वह सोच-समझ कर अच्छा करेगी । एक बात और कहते हुए मैं अपनी बात समाप्त करूंगा । हमने बहुत भारी हिंसा देखी है, हमारी सीमाओं पर चारों तरफ आतंक था । आज सिर्फ पाकिस्तान की सीमा पर ही नहीं, नॉर्थ ईस्ट में जाते हैं तो उधर भी आतंक है, जब साऊथ में जाते हैं तो उधर भी आतंक है। हमें अपनी सीमाओं पर चौकसी रखनी होगी और यह भी देखना होगा कि हम उन देशों से न टकरा जाएं बल्कि आतंकवादियों को समाप्त करने के लिए हमें सोचना होगा । ज्यादा न कहते हुए अंत में मैं माननीय प्रधान मंत्री श्री वाजपेयी जी के प्रयासों और माननीय गृह मंत्री जी के प्रयासों के लिए उनको बधाई देता हूँ, शुभकामना करता हूँ । धन्यवाद ।

SHRI EKANATH K. THAKUR (Maharashtra): Sir, thank you for giving me this opportunity. At the outset, I join the House in wholeheartedly condemning this dastardly attack on mother India and its children. Sir, whenever there is a crisis, we, as a nation, have always shown that we are together, and we act as one nation. We have always followed the tradition of वयं पंचाभयम् शतम्' and, I am sure that in the days to come, in this period of crisis, we will always remember this that we have to act as one, we have to act with the philosophy of `वयं पंचाभयम् शतम्' ।

Sir, my party's position is very well known throughout India. We have always been saying that a befitting reply, a resounding reply, a crippling blow, to Pakistan has long been overdue. That has been the stated position of my party, and I repeat it here today, that we are anxious to see that the atrocities perpetrated against innocent Indians are, in a way, avenged. Many have spoken about the past events. I am not going to recount them. I am also not going to take the time of the House by giving the suggestions that have been given by others. I have only two observations to make. One is a request to the Government. Whenever, at a time like this, people speak with divisive voices, we have to be very alert. Sir, in any war situation, there are two major groups. There is a group of hawks, which wants war. There is a group of doves, which wants you to go slow, act coolly, act in a calculated manner, and so on and so forth. I have no quarrel with the doves and hawks. But I have a quarrel with the peacocks. When you go in for a war, they are going to say, you hurriedly went into the war; and when you do not go in for a war, the peacocks are

going to say that you were a weak Government, you did not know how to take action, you did not know how to retaliate.

I personally want to say here that we have every faith in the Vajpayee Government, and I am sure, the patience that this Government has shown is the patience of the strong, and not the patience of the weak. Sir, I am sure, the country is going to see some action in the next few days whatever has been happening to this country -- Mother India has been wounded time and again by Pakistan -- we cannot be supine spectators of this any longer. I want to make one suggestion. कौन बाजारू है, कौन बिक गए हैं, उनके बारे में मैं बोलना नहीं चाहता । यह बाजारू और बिक गए, पार्लियामेंटरी वर्ड है या नहीं है, मैं नहीं जानता, मैं नया सदस्य हूँ । मैं आपको यह बताना चाहता हूँ कि जब महाराष्ट्र में हमारी साढ़े चार साल तक गवर्नमेंट रही तो बाबा साहब ठाकरे ने पहले गवर्नर को कहा होगा और कश्मीरी लोगों के लिए एजुकेशनल इंस्टीट्युशन्स में रिजर्वेशन कराया । आगे जाकर यह भी हो रहा था हमारी पार्टी में, हमारे महाराष्ट्र में, कि हम एजुकेशनल इंस्टीट्युशन्स में और जॉब्स में कश्मीरी लोगों के लिए, चाहे वह हिन्दू हो या मुसलमान हो, उन लोगों के लिए रिजर्वेशन रखना चाहते थे । यहां इस संसद में आए हुए सभी सदस्य, जो देश के बाकी स्टेट्स से हैं, अपनी-अपनी सरकार की ओर से अपने कश्मीरी भाइयों को खुद बोलें, हमारे आपके बोलने से कुछ नहीं होगा । क्या हम अपनी-अपनी गवर्नमेंट को बोल सकते हैं कि कश्मीरी युवाओं और युवतियों के लिए हमारे हरेक स्टेट में 5 परसैंट रिज़र्वेशन होगा in educational institutions and jobs. Are you really going to do that for the Kashmiris? Or are you only going to give them some small amounts and bargain on the basis of whatever you are doling out in charity? They are begging here and we are doling out! What is this happening? We should show to the world that we love Kashmir, we love the Kashmiris, and Kashmir is united, for ever, with India, and they have a right in every part of India. Through article 370 of our Constitution, we have given them special rights. We should give them further special rights. One such right is, there should be five per cent reservation in higher education and jobs for the Kashmiris all over India. This is my suggestion, Sir. I request the House to consider this. Then only we can win the economic war in Kashmir. The State Government cannot create opportunities for the young people, for the younger generation, in the next five - ten years. So, for the next five - ten years, India must stand by Kashmir. Then, of course, Kashmir will become strong that they will no longer require your financial support. Thank you very much for giving me this opportunity

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : मान्यवर, मैं सभी दलों का आभार प्रकट करना चाहता हूं, सभी सदस्यों का आभार प्रकट करना चाहता हूं कि उन्होंने आज की इस बहस को जो स्वरूप दिया जाना चाहिए था, वैसा स्वरूप दिया । साधारणत: हर तरफ से जो भी वक्ता होता है,

7.00 P.M.

वह अपनी बात को सही प्रमाणित करने और उससे मतभेद रखने वाले की बात को गलत प्रमाणित करने की कोशिश करता है, डिबेटिंग प्वाइंट स्कोर किए जाते हैं, लेकिन कभी-कभी ऐसी बहस भी संसद में होती है, जब कोई भी प्वाइंट स्कोर नहीं करता और कोशिश यह होती है कि जो कुछ भी किया जाए उससे देश को, विश्व को, अपने मित्रों को और अपने शत्रुओं को एक ही संदेश दिया जाए और इस बार की बहस जो हुई है, कालूचक की घटना को लेकर, वह इसी प्रकार की बहस है कि जिसके द्वारा इस सदन ने और दूसरे सदन ने यह कोशिश की है कि विश्व को बताया जाए कि हम आतंकवाद के इस संकट के निवारण के लिए कृतसंकल्प हैं और बाकी विषयों पर हमारे आपस में चाहे जितने भी मतभेद हों, इस मामले में हममें कोई मतभेद नहीं है, सब पार्टियां एक हैं, सारा देश एक है और मुझे विश्वास है कि इस संदेश का जो भी सद्परिणाम होना चाहिए, मित्रों के लिए और शत्रुओं के लिए, वह होगा । जितनी मात्रा में हो सकता है, होगा और बाकी मात्रा में इसके आधार पर जो भी निर्णय सरकार करती है, उससे होगा।

महोदय, इसी प्रकार की बहस 13 दिसम्बर के बाद हुई थी । 13 दिसम्बर को जब संसद भवन पर हमला हुआ था, उसके बाद भी इसी प्रकार की बहस हुई थी । कुछ लोगों ने तब भी इसका ज़िक्र किया कि सुरक्षा और व्यवस्थित होनी चाहिए थी, सुरक्षा और अच्छी होनी चाहिए थी, ये लोग अंदर कैसे घुस आए, लेकिन मैं मानता हूं कि 13 दिसम्बर हमारे सुरक्षा कर्मियों के लिए कुल मिलाकर एक गौरव का दिन था, जिस दिन उन्होंने एक बहुत बड़ी ट्रेजिडी को एवॉयड करने में सफलता प्राप्त की । अन्यथा वे 5 आतंकवादी जो AK-47 और हैंड ग्रेनेड्ज़ से लैस थे, वे अगर संसद भवन के भीतर घुस आते तो उसका क्या दुष्परिणाम हो सकता था, इसकी हम कल्पना करें तो मन सिहर उठता है । ऐसी हालत में हिंदुस्तान का सारा का सारा राजनीतिक ढांचा चरमरा जाता क्योंकि सारे के सारे प्रमुख राजनीतिक दलों के नेता यहीं उपस्थित थे । महोदय, ISI का एक एजेंट यहां के हाई-कमीशन में था और उसने संसद भवन के एक कर्मधारी से यह जानकारी प्राप्त कर ली थी कि संसद भवन के भीतर सुरक्षा की क्या स्थिति है । उन्हें बताया गया था कि संसद भवन के भीतर तो Watch and Ward के लोग होते हैं और उनके पास किसी प्रकार के शस्त्र नहीं होते हैं, वे निःशस्त्र होते हैं । उनके पास हथियार नहीं होते, यह जानकारी उन आतंकवादियों को थी ।

महोदय, आज यहां उसी प्रकार की बहस हुई है । वैसे मैं संसद का पुराना रिकॉर्ड देख रहा था तो मैंने पाया कि पिछले 4 सालों में 28 बार उस सदन में या इस सदन में जम्मू-कश्मीर में घटी किसी न किसी घटना के आधार पर आतंकवाद की चर्चा हुई है । आज इस हाऊस में और उस हाऊस में 2 बहसें और हुई हैं, इसे मिलाकर यह 28 बार हो जाएगा। यह कोई अस्वाभाविक बात नहीं है । महोदय, 1998 में जब से वाजपेयी जी प्रधानमंत्री बने और जब से मैं गृह मंत्रालय में रहा हूं, मुझसे अगर कोई पूछता है कि भारत के सामने और आपकी सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती कौन सी है, सबसे बड़ा संकट कौन सा है तो मैं कहता हूं कि वैसे तो देश का विकास, सबसे बड़ी चुनौती है, देश में गरीबी है, भुखमरी है, और इश्यू भी हैं लेकिन आज की स्थिति में अगर कोई मुझे कहे कि सबसे बड़ी चुनौती कौन सी है तो मैं यह कहूंगा कि ये सारे के सारे जो लक्ष्य मैंने आपके सामने रखे हैं, इन्हें कोई भी अच्छी सरकार

हासिल करना चाहेगी, जो स्वराज्य को सुराज में बदलना चाहेगी, लेकिन जब तक हम क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म को रोक नहीं पाते, तब तक यह असंभव है ।

महोदय, क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म सबसे बड़ी चुनौती है । यह क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म सबसे पहले पंजाब से शुरू हुआ, फिर जम्मू-कश्मीर में पहुंचा और फिर धीरे-धीरे देश के और भागों में भी फैल गया । यह बात सही है कि क्रॉस बॉर्डर टैररिज्म की हमारे पड़ोसी राज्य की नीति आत्मविश्वास से उद्भूत नहीं है । उसका जन्म पराजय से हुआ है । प्रकट युद्ध में तीन-तीन बार उनकी पराजय हुई और 1971 में इतनी बुरी तरह पराजय हुई कि पूछिए मत । उनकी कल्पना थी कि उन्हें जम्मू-कश्मीर मिल जाएगा, जम्मू-कश्मीर तो मिला नहीं, बंगला देश भी हाथ से जाता रहा । यह जो भयंकर पराजय थी, उनके 93,000 सैनिक हमारे बंदी बन गए। इसके बाद शिमला समझौता हुआ था । इस पराजय से यह नीति जन्मी थी कि प्रकट युद्ध से तो हम हिंदुस्तान का मुकाबला नहीं कर सकते, इसलिए परोक्ष युद्ध से करो । उस परोक्ष युद्ध के तत्व क्या होंगे ? उसके तत्व होंगे - घुसपैठ, आतंकवाद और sabotage. इन तत्वों के आधार पर परोक्ष युद्ध चलाओ और वह चल रहा है, लगभग 2 दशकों से चल रहा है और हम जमीन पर उसका सामना करते रहे हैं । मुझे इस बात का अहसास है कि इन 4 सालों में भारत सरकार ने पूरी कोशिश की कि विश्व के लोग भी इस बात को जानें कि Pakistan has become a terrorist State. Terrorism has become a part of the State-policy. वे टैररिज्म को प्रमोट करते हैं, वे टैररिस्ट्स के लिए ट्रेनिंग कैंप चलाते हैं, वे उन्हें हथियार देते हैं । जब वे टैररिस्ट्स यहां पर कोई आतंकवादी कार्यवाही करके लौटकर वहां वापस जाते हैं तो उनको शरण मिलती है, आश्रय मिलता है, पैलेसेज मिल जाते हैं, बड़े-बड़े मकान मिल जाते हैं, सुरक्षाकर्मी मिल जाते हैं । इसीलिए पिछले दिनों में एक स्टेज ऐसी आई जब एक इंटरनेशनल कोयलेशन अगेंस्ट टेरेरिज्म बना। वे लोग कहने लगे कि जो कुछ 11 सितम्बर को अमेरिका में हुआ है, उसके बारे में स्वाभाविक रूप से हमारा ध्यान केन्द्रित है। लेकिन हम आपको यकीन दिलाते हैं कि हमारा ध्यान केवल इस बात पर नहीं होगा कि 11 सितम्बर का बदला कैसे लिया जाए, प्रतिकार कैसे लिया जाए। हम इस बात को पहचानने लगे हैं कि 11 सितम्बर के बाद आतंकवाद वास्तव में सिविलाइजेशन के लिए, डेमोक्रेसी के लिए एक भयंकर संकट है। वह कहीं पर भी हो, उसे समाप्त करना चाहिए। मैं उनकी कोटेशन्स नहीं देना चाहता हूं। लेकिन उनके सबसे बड़े अधिकारियों ने भी इस बात पर बल दिया, लगातार बल दिया, प्राईवेट बातचीत में तो दिया ही है और उन्होंने कहा कि हम चाहेंगे कि आपकी समस्या भी हल हो। मुझे स्वयं स्मरण है जब मैं वहां पर गया था तो उन्होंने पूछा कि लिटमस टैस्ट क्या है आपके लिए, तो कहने लगे कि नहीं, हमको उन्होंने आश्वासन दिया है, वचन दिया है कि हम नहीं करेंगे। हम इस बारे में हमेशा शंकाशील रहे, लेकिन हमारी मान्यता रही कि पाकिस्तान भारत के प्रति अपना रवैया नहीं बदलेगा। कालूचक की घटना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान इन दोनों के संबंधों के बारे में हमको सोचना चाहिए। 1947 से लेकर, जब से देश को आज़ादी मिली और आज़ादी के साथ-साथ भारत का विभाजन भी हुआ और विभाजन का आधार यह कि कहां पर मुसलमानों का बहुमत है और कहां पर हिन्दुओं का बहुमत है। पाकिस्तान ने अपने को इस्लामिक राज्य घोषित किया, लेकिन भारत ने अपने को एक सेक्युलर राज्य घोषित किया और भारत ने कहा कि हम मजहबी राज्य की कल्पना को स्वीकार नहीं करते और न करेंगे। हमने सेक्युलरिज्म के आधार पर अपना कांस्टीट्युशन बनाया। हिन्दुस्तान के जो रजवाड़े थे, उन रजवाड़ों में हिन्दुओं का बहुमत है या मुसलमानों का बहुमत है, यह आधार नहीं था। वहां पर

उनको कहा गया था कि जो रजवाड़े जहां पर मिलना चाहें, जहां पर जाना चाहें, वहां पर वह जाएं। जम्मू-काश्मीर के महाराज ने अपने को विलंब से सही, हिचक कर के सही, पाकिस्तान के आक्रमण के बाद सही, लेकिन जब यह निर्णय किया कि हम भारत में अपने को विलीन करते हैं, विलय करते हैं, एक्सीड करते हैं, उसके बाद भी भारत के प्रधान मंत्री ने कहा कि मैं इस विलय को पूरी तरह से तब स्वीकार करूंगा, जब यहां के जो रेप्रजंटेटिव पॉलिटिकल पार्टी के हैं, वे उसको माने। नेशनल कांफ्रेस ने माना, इतना ही नहीं, वहां की कांस्टीट्युशन असेम्बली ने जब उसको पुष्ट किया, तब हमने उसको पुष्ट माना। यह सारा इतिहास है। लेकिन तब से लेकर के आज तक पाकिस्तान ने इस बात के साथ समझौता नहीं किया कि भारत इस प्रकार का देश कैसे बना और वह विरोध चलता रहा। भारत का विरोध कई रूपों में प्रकट होता रहा। हिंदुस्तान में, नई दिल्ली में जो भी सरकार रही, उस सरकार की हमेशा यह नीति रही है कि अगर कभी पाकिस्तान युद्ध करता है, लड़ाई करता है, संघर्ष करता है तो उसका बराबर उत्तर दिया जाए। लेकिन साधारणतः देश का हित और पाकिस्तान का हित भी इसमें है कि हम दोनों के बीच में मित्रता हो, सौहार्द हो, शांति हो। यह नीति तब से रही है, लगातार रही है और अगर पाकिस्तान को ऐसा अहसास हुआ कि वाजपेयी जी की सरकार बनने के बाद इसमें परिवर्तन होगा तो इसका उनको प्रत्यक्ष अनुभव करना पड़ा कि वाजपेयी जी की सरकार बनने के बाद तो उन्होंने और भी लम्बी पहल की, जिसके बारे में शायद कोई सोच नहीं सकता था। भारत का प्रधान मंत्री बस यात्रा करके लाहौर जायेगा नवाज शरीफ से बात करने के लिए, लेकिन वह काम उन्होंने किया। उसका क्या हमको उत्तर मिला, यह सब लोग जानते हैं। मैं पिछले दिनों देख रहा था कि एक ...**(व्यवधान)**...

SHRI KAPIL SIBAL: Sir, we have heard this several times. What is the Government's policy?

श्री संघ प्रिय गौतम : कपिल जी, सुन लीजिए। ...**(व्यवधान)**...

SHRI KAPIL SIBAL: No. I am not interrupting...(*Interruptions*)...I just want to know...(*Interruptions*)...

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Let him complete...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Let him complete.

SHRI KAPIL SIBAL: We would like to know what is the Government's policy? How will it deal with this particular problem that is now upon us?...(*Interruptions*)...If you can delineate that, if you can give us some indication, we will appreciate that.

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : अभी आप उनको सुनिए ।

श्री कपिल सिब्बल: मैंने सुना है, not once, but several times earlier too. (*Interruptions*)

SHRI SWARAJ KAUSHAL (Haryana): Sir, so many people have died, so many debates have taken place. But how do you propose to deal with it? (*Interruptions*)

श्री एस.एस.अहलुवालिया : मंत्री जी का जवाब तो आने दें । ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): Mr. Minister, please continue.

SHRI L.K. ADVANI: If that is what you want to hear... I heard the leader of the party who initiated the debate very carefully. He was very right when he said that he did not expect the Government to announce the policy and strategy here. He did not. He simply said, "You have to consider all the options; you have to weigh all the options. and then come to a very calculated decision." (*Interruptions*)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): No interruptions please.

SHRI L.K. ADVANI: I would say that Kaluchak is an important event, not because it is one of the terrorist incidents that has occurred, मैं उसको महत्वपूर्ण इसलिए मानता हूं, इस प्रकार से मानता हूं जिस प्रकार से एक अक्तूबर को श्रीनगर में असैंबली पर हमला महत्वपूर्ण था, गंभीर था, जिस प्रकार से 13 दिसम्बर को संसद भवन पर हमला बहुत गंभीर था, उसी प्रकार से कालूचक की घटना बहुत गंभीर इस कारण से है कि जो जवान सीमा पर खड़े हैं, उनके परिवारों के लोग - गुलाम नबी आजाद जी ने उन लोगों के नाम पढ़कर सुनाए जिनके परिवार के लोग यहां पर थे - उनको जाकर मार देना, आखिर this Government owes a duty to them. उस ड्यूटी के कारण आज हमको सब ऑप्शंस weigh करने होंगे । आज हमारे चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ ने एक सार्वजनिक बयान दिया है, वैसे ही नहीं दिया है । लेकिन हां, उन्होंने भी यह कहा कि निर्णय तो देश को करना होगा, सरकार को करना होगा, मैं नहीं करूंगा । यह स्वाभाविक बात है । निर्णय करते हुए जितनी बातें आज कही गयी हैं, और जितना क्षोभ प्रकट किया जा रहा है, उन सब बातों को weigh करना पड़ेगा । ऐसा नहीं कि नहीं करना पड़ेगा । आप अगर अपेक्षा यह करें कि मैं यहां घोषणा करूंगा, नहीं करूंगा । एक तो इसका कारण है कि मेरा घोषणाएं करने का अधिकार ही नहीं है । अधिकार अगर किसी का है तो वह सरकार का ऐज़ ए होल है, जिसमें निर्णय करते हुए जो हमारे आर्मी लीडर्स हैं, आर्मी चीफ्स हैं, उनसे इंटरैक्शन होगा और किस रूप में घोषणा होगी - घोषणा होगी या नहीं होगी - इस बात का निर्णय भी प्रधान मंत्री ही करेंगे । हो सकता है कि उनको यह लगे कि यहां पर तो स्थिति की गंभीरता, देश की एकता, देश का संकल्प बहुत प्रकट हो और जो भी निर्णय हो, जब भी निर्णय हो, प्रधान मंत्री टेलीविजन के माध्यम से राष्ट्र को सुनाएं - इस बात की जरूरत हो । यह भी हो सकता है । इसलिए आज के इस अवसर पर अगर कोई मुझसे यह अपेक्षा करे कि मैं अभी बताऊं कि क्या होगा, मैं नहीं कर सकता । It is not possible. Anyone can appreciate that. हां, इतना जरूर कहूंगा कि आज अगर देश की जनता को पाकिस्तान के बारे में गुस्सा है तो देश की जनता को और सरकार को यह जो सो-कॉल्ड

इंटरनेश्नल कोएलीशन अगेंस्ट टैररिज्म है, जिसकी ओर से बहुत सारे आश्वासन हमको भी दिये गये हैं, उनसे गहरी निराशा है । वह गहरी निराशा उन तक भी पहुंची है, बताई है । वह गहरी निराशा प्रकट करते हुए भी मैं यह कहूं कि हमने लगातार उस समय भी कहा - इन 6 महीनों में भी - कि हम आतंकवाद के ऊपर अगर सफलता पाना चाहते हैं तो वह अपने बलबूते पर ही चाहते हैं, दूसरे की सहायता नहीं चाहिए । लेकिन हम यह अपेक्षा जरूर करते थे कि जो आतंकवाद को प्रोत्साहन दे रहा है, आतंकवादी देश बनकर काम कर रहा है, उसको इंटरनेश्नल कोएलीशन अगेंस्ट टैररिज्म किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष समर्थन तो नहीं देगा । इस कारण निराशा है । आज अगर उनमें से कोई कहे - पश्चिमी देशों से - कि इनफिलट्रेशन कम हो गया है तो ताज्जुब होता है, बहुत आश्चर्य होता है । और इनके नेता, पाकिस्तान के नेता सार्वजनिक रूप से धमकी दें कि न्यूक्लीयर वार भी हो सकती है और उस पर कोई कमैंट न करे - ये चीजें सिग्नीफिकेंट हैं और ये तकलीफ पहुंचाती हैं । इनके कारण सार्वजनिक रूप से मुझे यह कहना पड़ा कि गहरी निराशा है । आखिर तो आपके अपने वक्तव्य हैं, आपके अपने बयान हैं और इसमें कोई संदेह नहीं है । प्रधान मंत्री जी जब पिछले साल अमेरिका गये थे, तब उन्होंने वहां की कांग्रेस के सामने कहा था ... .कि आतंकवाद ऐसा भीषण संकट है कि आप यह न समझें कि आपकी दूरी उससे आपको सुरक्षित रखेगी । हमको लगता था कि शायद 11 सितम्बर, 2001 के बाद चिंतन में कुछ फर्क आएगा । कुछ परिवर्तन विश्व के देशों में आया है। ...(व्यवधान)...

श्री नीलोत्पल बसु : हमने यह बात बताई इसलिए ...(व्यवधान)...

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Sir, this is not fair. (*Interruptions*) Sir, kindly ask him to sit down. (*Interruptions*)

श्री नीलोत्पल बसु : जो आप बोल रहे हैं, वह डिबेट में डालने के लिए .....

उपसभाध्यक्ष (श्री सुरेश पचौरी) : नीलोत्पल जी....नीलोत्पल जी.....

श्री लाल कृष्ण आडवाणी : देखिए, आप कुछ भी कहें लेकिन विश्व भर में उसका असर है । एक ही दिन के अंदर चार हवाई जहाज़ों का हाईजैक हो जाना, उन हवाई जहाज़ों का मिसाइल के रूप मे प्रयोग करके आतंकवादियों द्वारा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमला करना, पेंटागन पर हमला करना और पांच हज़ार लोगों का मर जाना जिसमें विश्व भर के लोग थे, यह कोई मामूली घटना नहीं है । यह एक टर्निंग प्वाइंट है, atleast awareness. हां, यह ज़रूर है कि हरेक देश जो निर्णय करता है, वह किसी दूसरे के ऊपर उपकार करने के लिए नहीं करता है । उनके जो सेल्फ इंटरेस्ट होते हैं, जो उनको समझ में आते हैं, उसके आधार पर वह करता है । फिर भी जो निराशा मैंने व्यक्त की, उसका कारण भी मैंने बताया । हम उनसे किसी भी प्रकार की सहायता प्रत्यक्ष रूप से, फिज़िकल रूप से अपेक्षित करते भी नहीं थे और न अब करते हैं । आज भी भारत ने कारगिल का युद्ध अपने बल-बूते पर जीता है । आज तक भारत जितने युद्ध जीतता आया है, वह अपने बल-बूते पर जीतता आया है और आज भी इसके ऊपर विजय प्राप्त करेंगे तो अपने बल-बूते पर करेंगे । हां, इतना ज़रूर है कि अब समय ऐसा आ गया है कि जब केवल शब्दों से काम नहीं चलेगा और सरकार निर्णय करेगी । सरकार सब पहलुओं पर विचार करके निर्णय करेगी । प्लस, माइनस, प्रॉस, कॉन्स जितने हो सकते हैं सब पर लेकिन उसमें आज की यह बहस और आपका आज का यह संकल्प निश्चित रूप से बहुत सहायक होगा, इसमें

मुझे तनिक भर भी संदेह नहीं है । मैं एक बार पुन: आप सभी को आपके समर्थन के लिए धन्यवाद देता हूं ।

RESOLUTION CONDEMNING DASTARDLY ATTACK BY TERRORISTS AT KALUCHAK, JAMMU ON 14TH MAY, 2002

THE VICE CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): I now move the following Resolution:

"This House strongly condemns the most dastardly attack at Kaluchak, Jammu on 14th May, 2002 by terrorists belonging to Lakshar-e-Taiba and Jaish-e-Mohammad from across Pakistan and conveys its heartfelt sympathies to the bereaved families.

We have consistently tried to build friendly relations with Pakistan through the mechanisms provided by Shimla Agreement and Lahore Declaration to solve all existing problems. But to our great disappointment, our efforts did not meet with the desired response from Pakistan.

It is essential that the leaders of the world community take note of the continuing acts of terrorism encouraged by Pakistan so that united and effective action can be taken against the same.

The House resolves to fight against such senseless acts of terrorism which are against humanity as a whole in a united and determined manner and declares this Nation's commitment to see an end to this menace."

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI) : May I take it that this Resolution is adopted unanimously?

HON. MEMBERS: Yes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SURESH PACHOURI): The Resolution is adopted unanimously.